हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 5 मई 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

बंगाल में भाजपा की जीत पर शहर में बांटी झालमुड़ी, आतिशबाजी

झालमुड़ी का वितरण करते सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष।

जीत का जश्न मनाते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

मिठाई का वितरण करते पूर्व महापौर सहित अन्य भाजपाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए शहर में कार्यकर्ताओं और नागरिकों के बीच झालमुड़ी बांटकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

इस मौके पर श्री सोनी ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के मार्गदर्शन व सौरभ सिंह के नेतृत्व में पिछले डेढ़ महीने से बिलासपुर सराफा के कुछ कार्यकर्ता लगातार पश्चिम बंगाल चुनाव में जीत के लिए मेहनत कर थे, आज इस जीत के बाद बंगाल की जनता को साधुवाद देते हुए कहा कि ऐसे अवसर पर खुशी मनाना जरूरी है। पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत जनता के विश्वास और विकास की जीत है। उन्होंने इसे देशभर में पार्टी के बढ़ते प्रभाव का संकेत बताया। जश्न के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी।

नगर विधायक अमर ने जीत को बताया मोदी के सुशासन की जीत

4 मई को घोषित हुए पांच राज्यों के चुनावी नतीजों ने देश की राजनीतिक दिशा तय कर दी है। इन परिणामों पर नगर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि जनता ने एक बार फिर 'मोदी की गारंटी' को सर्वोपरि माना है। उन्होंने विशेष रूप से बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक बढ़त और असम में लगातार तीसरी बार मिली जीत को भारतीय राजनीति का टर्निंग पॉइंट बताया।

श्री अग्रवाल ने बंगाल के नतीजों पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वर्षों से ममता सरकार की अराजकता, दमन और गुंडागर्दी को सह रही बंगाल की जनता ने अब भगवा को अपना लिया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस की पगडंडियों पर चलकर ममता सरकार ने जो अपराध किए, जनता ने उसका हिसाब चुकता कर दिया है। आज बंगाल भगवामय है और वहां जीत की खुशी में रसगुल्ला के साथ-साथ झालमुड़ी भी बंट रही है। श्री अग्रवाल ने असम की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि हेमंता बिस्वा सरमा की सरकार पर जनता का यह अटूट विश्वास प्रधानमंत्री मोदी के विजन की जीत है। वहीं, पुडुचेरी में भगवामयी लहर को उन्होंने बदलाव का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि पुडुचेरी की जनता ने मोदी जी के संकल्पों को अपना मानकर विकास के पक्ष में मतदान किया है। असम में भाजपा की लगातार तीसरी जीत और पुडुचेरी में मिली सफलता को उन्होंने प्रधानमंत्री की तपस्या का प्रतिफल बताया। उन्होंने लोकतांत्रिक गरिमा का परिचय देते हुए तमिलनाडु और केरल में विजयी दलों को भी बधाई दी। श्री अग्रवाल ने कहा मोदी का एकमात्र विजन देश की भलाई है और आज उनके संकल्पों को सिद्ध होते देख मन गदगद है।

रेलवे मंडल ने जीत पर मनाई खुशियां

रेलवे मंडल के द्वारा गायत्री मंदिर विनोबा विद्यानगर मुख्य मार्ग पर जोरदार आतिशबाजी मिष्ठान वितरण विशेष रूप से झाल मुरी स्थानीय कार्यकर्ताओं के द्वारा बनाकर बांटते खुशियां मनाई गई। आतिशबाजी कि गई ,इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के किशोर राय, मनीष अग्रवाल, वीरेंद्र केसरवानी जुगल अग्रवाल, गणेश रजक, मनजीत गोस्वामी, रिंकू मित्र , नितिन बेरीवाल,मनोज अग्रवाल, सत्यजीत भौमिक ,राम साहू, परेश श्रीवास्तव, सचिन राव, केदार खत्री, हरिन तिवारी ,अमित राठी, कमलेश राजपूत, गणेश मोदी, कमलेश, आलोक रंजन पांडे, सुब्रत बनर्जी ,सी गोलदार ,जीवन घोष, मंटू वर्मा, गणेश मोदी, लीना बनर्जी , सीमा सेन गुप्ता, वरुण दास ,संजय गायकवाड, राजेश अग्रवाल, केशव अग्रवाल, प्रणव ,राधा मित्रा ,पाखी मित्रा, राजा दत्त राय चौधरी, तृप्ति राज चौधरी आदि मौजूद थे।

खबर संक्षेप

जिला मराठा समाज के दूसरी बार अध्यक्ष बने शशांक

बिलासपुर। जिला मराठा समाज का निर्वाचन 3 मई को कुदुदंड स्थित आई तुलजा भवानी मंदिर परिसर में हुआ। जहाँ 6 पदों के लिए निर्वाचन हुआ। इसमें अध्यक्ष पद के लिए शशांक चौहान ने अपने प्रतिद्वंदी काशी गाढ़े को 260 मतों से हराकर विजयी प्राप्त कर दूसरी बार अध्यक्ष बने। उपाध्यक्ष पद के लिए राजू राव मराठा ने आशीष कापसे को पराजित किया। सचिव पद के लिए जीवन राव भोसले ने हर्षवर्धन भोसले को पराजित किया। कोषाध्यक्ष पद के लिए भगवन्त शिंदे ने विक्रम बाकरे को पराजित किया। कार्यकारिणी सदस्य में प्रभाकर भोसले ने प्रभात भोसले को हराकर जीत दर्ज की। वहीं सनम पवार ने सर्जय भोसले को हराकर अपनी जीत दर्ज की। मतदान सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक चला। मतगणना रात्रि 8 बजे से शुरू हुआ जो सुबह 4 बजे पूर्ण हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राघवेंद्र भोसले एवं सहायक अधिकारियो ने निर्वाचन सम्पन्न कराया। जिसमे माँ भवानी पैनल के सभी प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की।

व्यापारियों की सुविधा के लिए सिक्कों का वितरण

बिलासपुर। खुदरा सिक्कों की किल्लत से जूझ रहे व्यापारियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सिंधी अकादमी बोर्ड के पूर्व डायरेक्टर एवं बिलासपुर प्रमुख कपड़ा व्यवसायी अमर बजाज ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से स्थानीय व्यापारियों के बीच 1 रुपए, 5 रुपए,10 रुपए एवं 20 रुपए के सिक्के का वितरण किया। प्रमुख व्यवसायी अमर बजाज के अनुसार रोजमर्रा के लेन-देन में सिक्कों की उपलब्धता बेहद जरूरी है। ग्राहक और व्यापारी दोनों को खुदरा की समस्या एवं बाजार में खुले सिक्कों की कमी से व्यापारियों को हो रही असुविधा को देखते हुए यह पहल कर सैकड़ों छोटे-बड़े दुकानदारों को आवश्यकता अनुसार सिक्के उपलब्ध कराए गए।

प्रयास प्रकाशन ने किया साहित्यकारों का सम्मान व तिवारी की कृति का विमोचन

बिलासपुर। प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी, राष्ट्रीय समिति द्वारा शासकीय जे.पी. वर्मा कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव, विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र तिवारी की कृति "सफ़हात का जायका" का विमोचन किया गया तथा उनका सम्मान किया गया। साथ ही प्रयास प्रकाशन द्वारा प्रकाशित सम्मान पत्रिका का भी विमोचन किया गया। छह दशकों से साहित्य सेवा में योगदान देने वाले वरिष्ठ साहित्यकार बुधराम यादव को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जस्टिस चन्द्रभूषण वाजपेयी थे। अध्यक्षता डॉ. विनय कुमार पाठक ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. श्यामलाल निराला, डॉ. पं. श्रीधर गौरहा, शिव प्रताप साव, डॉ. विष्णु कुमार तिवारी एवं संतुलाल सोनकर, अखिलेशचंद्र प्रदीप बाजपेयी एवं आकांक्षा शर्मा थीं।

रिलिविंग गर्डर लॉन्चिग कार्य के कारण निरस्त ट्रेनें रिस्टोर

बिलासपुर। अधोसंरचना विकास के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के निपनिया -भाटापारा सेक्शन के बीच किमी 755/07-09 पर स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 380 पर रोड अंडरब्रिज निर्माण कार्य के कारण पूर्व में निरस्त एवं आंशिक रूप से निरस्त की गई यात्री ट्रेनों को रिस्टोर कर दिया गया है ।

रिस्टोर की गई ट्रेनों में 6 मई को गाडी संख्या 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर को रिस्टोर कर दी गई है। उपरोक्त तिथि में यह गाड़ी अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी । 6 मई को गाडी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर को रिस्टोर कर दी गई है उपरोक्त तिथि में यह गाड़ी अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी । वहीं 6 मई को गाडी संख्या 68733 गेवरा रोड - बिलासपुर मेमू पैसेंजर को रिस्टोर कर दी गई है। उपरोक्त तिथि में यह गाड़ी अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी ।

- 6 मई को गाडी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर को रिस्टोर कर दी गई है। उपरोक्त तिथि में यह गाड़ी अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी ।
- शॉर्ट टर्मिनेटेड/ओरिजिनेटेड ट्रेनों को किया गया रिस्टोर
- गाड़ी संख्या 68861 गोंदिया -झारसुगुड़ा मेमू को दिनांक 06 मई 2026 को रिस्टोर कर दी गई है उपरोक्त तिथि में यह गाड़ी अपने निर्धारित समयानुसार गोंदिया से झारसुगुड़ा तक चलेगी ।
- गाड़ी संख्या 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू को दिनांक 06 मई 2026 को रिस्टोर कर दी गई है उपरोक्त तिथि में यह गाड़ी अपने निर्धारित समयानुसार झारसुगुड़ा से गोंदिया तक चलेगी ।

एजुकेशन प्लस

5 वीं में अचिंत्य को 96.50 प्रतिशत और बिंदिया को मिला 88 प्रतिशत अंक

बिलासपुर। 5 वीं बोर्ड परीक्षा में देवरीखुर्द तोरवा मोपका के आरएन पब्लिक स्कूल इंग्लिश मीडियम का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा। संचालक अखिलेश यादव ने बताया कि इसमें छात्र अचिंत्य श्रीवास्तव ने 96.50% अंक 5 वी बोर्ड परीक्षा में लाकर अपने क्लास में पहला स्थान हासिल करने के साथ साथ पूरे तोरवा, देवरी खुर्द, मोपका, परिक्षेत्र में सबसे अधिक अंक 5वी बोर्ड 2025-26 परीक्षा में 96. 50 अंक हासिल करने वाले पहले विद्यार्थी बन गए हैं। पूरे बिल्हा ब्लाक के 342 स्कूलों के बच्चों में केवल 8 विद्यार्थी ने आचिंत्य से अधिक अंक प्राप्त किया है। 9 स्थान बिल्हा ब्लॉक में हासिल किया है। बिंदिया यादव ने 88.00% अंक प्राप्त किया। स्कूल के संचालक अखिलेश यादव ,प्रिंसिपल एच. पी. साहू और वाइस प्रिंसिपल प्रिया विश्वास ने बच्चों व अभिभावकों का सम्मान किया।

आत्मानंद महारानी लक्ष्मीबाई की छात्राओं ने 95% रिजल्ट लाया

बिलासपुर। स्वामी आत्मानंद महारानी लक्ष्मीबाई में कला संकाय की स्वाती देवांगन - 95.2% एवं 10 वीं में तुमन्ना सूर्यवंशी 15 % अंक लेकर सर्वोच्च स्थान पर रही। छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 21 अप्रैल को जारी परीक्षा परिणाम में जिसमें स्वामी आत्मानंद महारानी लक्ष्मीबाई की छात्राओं ने 95% रिजल्ट लाकर शानदार प्रदर्शन किया है। कला संकाय में प्रथम स्वाती देवांगन 18. 2 % , द्वितीय पलक देवांगन, 85-6%, तृतीय विधा साहू 83.6% -, तृतीय कशिश विश्वकर्मा 83.6% अंक प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में प्रथम सिद्धि निर्मलकर 88-2, द्वितीय पायल साहू 88.% तृतीय सृष्टि निर्मलकर 81.2%, वाणिज्य संकाय-प्रथम राखी गुप्ता 91.8%, सपना गेंदले 82-4 %, तृतीय तुलसी रजक 82 .2 प्रतिशत, गृहविज्ञान- प्रथम आकांक्षा विश्वकर्मा 69.8%, द्वितीय माही महानंद 62% अंक प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ प्रज्ञा गोपाल ने बताया कि इसी प्रकार कक्षा दसवीं ए में प्रथम आंचल बरगाह 87 प्रतिशत, द्वितीय भूमिका प्रजापति 84. 8 प्रतिशत, तृतीय छाया सिंह राजपूत 76 प्रतिशत, कक्षा 10 बी में प्रथम ईशिका ठाकुर प्रथम 23, द्वितीय श्रेणी 2, सी में प्रथम प्रिया जगमलानी 89.5 प्रतिशत, द्वितीय परिधि देवांगन 88. 6 प्रतिशत, तृतीय परिधि राठौर 87.3 प्रतिशत, 10 वीं डी में प्रथम तमन्ना सूर्यवंशी 94.5 प्रतिशत रहीं।

मर्सी को मिला 94.6 प्रतिशत, निमिषा को 86 प्रतिशत

बिलासपुर। बृहस्पति बाजार के सामने के मिशन उमावि के कक्षा 12 वीं की छात्रा मर्सी महिलांगे को 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। वहीं निमिषा कुमारी खूंटे को 86 प्रतिशत, आकांक्षा 85 प्रतिशत अंक पाई है। इसी तरह कक्षा 10 वीं में प्रेम सिंह कोरम 85.6 प्रतिशत, रियाजुद्दीन अर्श 82.5 प्रतिशत, काजल टंडन ने 81.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर शाला परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। प्राचार्य ने तनुजा पाल ने सभी प्रतिभाशाली बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

गर्वमेंट हाईस्कूल लोखड़ी का परीक्षाफल उत्कृष्ट

बिलासपुर। गर्वमेंट हाईस्कूल लोखड़ी का परीक्षा फल उत्कृष्ट रहा। इसके प्राचार्य ने बताया कि छत्तीसगढ़ शिक्षा मंडल द्वारा जारी कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम काफी उत्कृष्ट रहा। इसमें वंदिता पटेल 87.3 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इस तरह सोनम पटेल 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने में सफल रही। इसके अलावा सुनैना श्रीवास ने 85.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता पिता और स्कूल का नाम रौशन किया है।

सुशासन तिहार का ब्लॉक कांग्रेस तिफरा ने किया विरोध

बिलासपुर। छत्तीसगढ सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को तिफरा हाई स्कूल में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया था। जिसमें शिविर के माध्यम से नगर निगम बिलासपुर वार्ड क्रमांक 5, 6, 7 और 8 की जनता से शासन द्वारा निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से मांग या शिकायत आमंत्रित किए जा रहे थे।

शिविर के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिफरा के अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू एवं स्थानीय पार्षद गायत्री लक्ष्मीनाथ साहू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के ख़िलाफ़ नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज किया। शिविर के नाम पर राजनीति करने और सरकारी पैसे का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना था कि इससे पहले भी भाजपा सरकार द्वारा सुशासन तिहार मनाया गया है लेकिन शिविर में प्राप्त आवेदनों का आजतक कोई निराकरण नहीं हो सका है। आज भी संबंधित क्षेत्र के लोग मूल भूत सुविधाओं से वंचित हैं, ऐसे में बार बार सुशासन तिहार के नाम पर जनता को मूर्ख बनाना और करोड़ों रुपए बर्बाद किया जाना दुर्भाग्यजनक है। लोकतांत्रिक विरोध के पश्चात निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे को ज्ञापन सौंपकर मोदी की गारंटी के तहत 500 रु में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने, पट्टा वितरण, तिफरा-सिरगिट्टी-परसदा को मिलाकर पृथक नगर निगम बनाने, महिला आरक्षण तत्काल लागू करने, जाति जनगणना, किसानों को सुरक्षा सहित दस सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग की।

जाति जनगणना के लिए प्रस्ताव भेजे: लक्ष्मीनाथ

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिफरा के अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू ने सुशासन तिहार में आवेदन के माध्यम से माँग की है की पिछड़ा वर्ग समुदाय के लोगों को उचित प्रतिनिधित्व प्रदान करने जाती जनगणना कराए जाने हेतु राज्य सरकार से केंद्र को प्रस्ताव भेजने की माँग की है !

महिला आरक्षण तत्काल लागू की जाए: गायत्री

नगर निगम वार्ड क्रमांक - 5 की पार्षद गायत्री लक्ष्मीनाथ साहू ने सितंबर 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा की वर्तमान सीटों पर 33 प्रतिशत महिला आरक्षण तत्काल लागू करने प्रस्ताव भेजने राज्य सरकार से मांग की है।

तापमान

अधिकतम 39.4 डिग्री

न्यूनतम 26.8 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 5 मई 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



फोटो : सूरज वैष्णव

अब तो जलकुंभी फूलने भी लगी...

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक ओर अरपा की साफ सफाई के बड़े बड़े अभियान चलाए जाते हैं, योजनाएं बनाई जाती हैं, बड़ी बड़ी बातें भी की जाती हैं, लेकिन दूसरी ओर वास्तविकता कुछ और है। अरपा में इन दिनों जगह जगह गंदा पानी भरा हुआ है, इस गंदे पानी में जलकुंभी ने अपने पैर पसार लिए हैं, इसके चलते अरपा पूरी तरह प्रदूषित हो गई है, हालत यह है कि अब जलकुंभी फूलने भी लगी है। अरपा के पुराने पुल के पास जहां रिवरव्यू में निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, ठीक उसके पास ही फैली जलकुंभी में फूल आ गए हैं।

खबर संक्षेप

विहिप की जनगोष्ठी में आज आएंगे आलोक

बिलासपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर विश्व हिन्दू परिषद द्वारा स्व. अशोक सिंघल की याद में गोष्ठी का आयोजन 5 मई मंगलवार को शाम 5 बजे देवकी नंदन दीक्षित सभा भवन, लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में किया गया है। इस गोष्ठी में विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार मुख्य वक्ता रहेंगे। वे "धर्मांतरण : एक कुचक्र एवं धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम" जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समसामयिक विषय पर अपने विचार एवं मार्गदर्शन प्रस्तुत करेंगे।

नर्मदा नगर सामुदायिक भवन में शिविर आज

बिलासपुर। सुशासन तिहार अंतर्गत बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र में 5 मई को वार्ड क्रमांक 15, 16 एवं 17 के लिए वार्ड क्र. 17 के नर्मदा नगर सामुदायिक भवन में शिविर लगेगा। इन शिविरों में आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वास्थ्य सेवाएं तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं सहित अन्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह अभियान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चरणबद्ध रूप से संचालित किए जा रहे है। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने निकटतम शिविर में पहुंचकर अधिक से अधिक संख्या में इसका लाभ उठाएं और शासन की योजनाओं से जुड़कर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं।

सिकल सेल निःशुल्क चिकित्सा शिविर कल

बिलासपुर। सिकल सेल एनीमिया और थैलेसीमिया मेजर जैसी गंभीर आनुवांशिक बीमारियों से जूझ रहे बच्चों के लिए उदय चिल्ड्रन हॉस्पिटल में 6 मई को एक विशेष निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक वेयरहाउस रोड स्थित अस्पताल परिसर में लगेगा। डॉ राकेश साहू, डॉ अभिनव साहू, डॉ पी आर चौधरी और डॉ अशोक मेहता ने बताया कि इस शिविर में सिकल सेल और थैलेसीमिया मरीजों की निःशुल्क जांच के साथ विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा।

प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु परीक्षा 10 को

बिलासपुर। प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए 10 मई को सवेरे 9.30 बजे से प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसमें प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है।

खनिज विभाग का विभिन्न मामलों में 9 लाख पेनाल्टी वसूलने का दावा

अवैध मिट्टी उत्खनन में कार्रवाई का दावा, उधर महमंद में मैदान खोदकर बना दिया तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खनिज विभाग ने मिट्टी की अवैध खुदाई के अलग-अलग 24 मामलों में कार्रवाई कर 9 लाख 27 हजार रूपए की पेनाल्टी वसूलने की कार्रवाई का दावा किया है। इसके विपरीत महमंद-ढेका क्षेत्र में मिट्टी की अवैध खुदाई इस कदर जारी है कि माफिया ने समतल मैदान को तालाब बना दिया है। पिछले एक साल में खनिज विभाग ने ढेका में अवैध मिट्टी खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है।

ईंट निर्माण हेतु अवैध मिट्टी उत्खनन एवं परिवहन करने वालों के खिलाफ खनिज विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 24 प्रकरण दर्ज करते हुए 9 लाख 27 हजार 663 रुपये की समझौता राशि वसूल की है। इसके अंतर्गत अवैध उत्खनन के 8 प्रकरणों में 6 लाख 50 हजार 783 रुपये तथा अवैध परिवहन के 16 प्रकरणों में 2 लाख 76 हजार 880 रुपये की राशि वसूली गई। खनिज विभाग का कहना है कि जिले में अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नियमित जांच एवं निरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है।

खनिज विभाग के अनुसार जिले में गौण खनिज मिट्टी ईंट के कुल 29 उत्खनिपट्टा स्वीकृत हैं, जिनमें से 4 पट्टे वर्तमान में व्यपगत (लैप्स) हैं। शेष स्वीकृत इकाइयों में पर्यावरणीय स्वीकृति एवं नियमानुसार संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके विपरीत महमंद क्षेत्र में कुछ माफियाओं के द्वारा नियम विरूद्ध तरीके से समतल मैदान में मिट्टी की अवैध खुदाई कर बिक्री करने की शिकायत मिली है। हालत यह है कि खुदाई के कारण वह क्षेत्र बड़े व गहरे तालाब का रूप ले चुका है। इसे छिपाने के लिए सामने मंदिर का निर्माण करा दिया गया है। बारिश में गहरे गड्ढे में जलभराव होने के कारण बड़ी जनहानि का भी भय बना हुआ है।

बीते एक साल से लगातार हो रही मिट्टी की खुदाई

केवल कुम्हारों को परंपरागत संसाधनों से ईंट बनाने की छूट

खनिज विभाग के अनुसार जिले में मिट्टी ईंट के स्वीकृत उत्खनी पट्टा के अतिरिक्त अन्य ईंट पंजा भट्टा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम तीन अनुसार छत्तीसगढ़ के मूल निवासी आनुवांशिक कुम्हार या उनकी सहकारी समिति द्वारा परंपरागत संसाधनों से बर्तन कवेलू और ईंट बनाने के लिए छूट प्राप्त है। इसके अतिरिक्त किसी के द्वारा ईंट निर्माण के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। जिले में मिट्टी ईंट निर्माण एवं उत्खनन गतिविधियों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। जांच के दौरान अवैध संचालन पाए जाने पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाती है।

की जा रही है कार्रवाई

विभागीय अमला लगातार निरीक्षण कर शिकायतों का निराकरण कर रहा है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। अनुवांशिक कुम्हारों को परंपरागत ईंट निर्माण की छूट है। इसके अलावा कहीं से भी अवैध तरीके से ईंट निर्माण की कोई शिकायत प्राप्त नहीं है।

- किशोर कुमार गोलघाटे
उपसंचालक खनिज

1 करोड़ की ठगी के फरार आरोपी दंपती की जमानत खारिज

बिलासपुर। कोर्ट ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का झांसा देकर दो लोगों से 1 करोड़ की ठगी करने वाले फरार आरोपी दंपती की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा 1 करोड़ की ठगी, दंपती की तलाश

हरिभूमि में 25 अप्रैल को प्रकाशित खबर।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सरकण्डा बुधिया एनक्लेव निवासी शिल्पा श्रीवास्तव पति पीएस श्रीवास्तव की वर्ष 2024 में किटी पार्टी के दौरान सोनाली सरकार से जान पहचान हुई थी। सोनाली सरकार पति अभिजीत सरकार मुंगेलीनाका अनिल टाह गली में लेबनान कोड की संचालिका है और शुभम विहार आकाश मार्ग श्याम परिसर की रहने वाली है। सोनाली सरकार ने श्रीवास्तव दंपती को स्टॉक ट्रेडिंग एंड इन्वेस्टमेंट कंपनी में पैसा लगाने पर प्रतिमाह 10 प्रतिशत मुनाफा का झांसा दिया। लालच में आकर श्रीवास्तव दंपती ने वर्ष 2024 से 2025 तक 91 लाख रुपए कंपनी आनलाइन व नकद जमा कर दिया। इसी तरह अमेरी चौक कृष्णा पैलेस निवासी अनुराग सिंह ने 5 लाख रुपए जमा किया। पहले उन्हें मुनाफा दिया गया लालच में आकर उन्होंने मुनाफा की राशि भी कंपनी में जमा कर दिया। बाद में 10 प्रतिशत मुनाफा आना बंद हो गया। पीड़ित उनके कार्यालय जाकर देखे तो पति पत्नी गायब हो गए थे। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पति पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया था। फरार आरोपी सोनाली सरकार, उसके पति अभिजीत सरकार ने वकील के माध्यम से कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी लगाई। दशम अपर सत्र न्यायाधीश आदित्य जोशी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

दो और महिलाओं से 51 लाख की ठगी

जांच के दौरान दो और पीड़ित महिलाओं ने सिविल लाइन थाने में लिखित शिकायत की गई है। फरार आरोपी सोनाली सरकार व उसके पति अभिजीत सरकार मुनाफा कमाने का झांसा देकर अमेरी निवासी ललिता नायडू पति राजेन्द्र कुमार से 3 लाख व अमेरी कृष्णा पैलेस निवासी नंदिता सिंह चौहान पति अजय सिंह चौहान से 48 लाख रुपए की ठगी की है। लगातार शिकायतकर्ता पीड़ितों की संख्या बढ़ती जा रही है।

हमारा तो जेल आना-जाना लगा रहता है कहकर बदमाशों ने लॉ के छात्र को मारा चाकू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दोस्तों के साथ नाश्ता करने गए लॉ के छात्र के साथ जबिरया दर्जन भर बदमाशों ने विवाद किया और हमारा तो जेल आना जाना लगा रहता है कहकर मारपीट करते हुए चाकू ब्लेड से हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बंधवापारा निवासी प्रियांशु शुक्ला पिता अशोक शुक्ला एलएलबी की पढ़ाई कर रहे हैं। 3 मई की सुबह 5.50 बजे वे अपने दोस्त युवराज पांडाल, आयुष तिवारी, आकाश निर्मलकर व एक छात्रा के साथ पोहा खाने नूतन चौक इंदिरा विहार गेट अपना मार्ट के पास रूके थे। इसी दौरान अटल आवास निवासी लिल्ली नाई, राजा यादव,बडकू यादव, सूरज यादव उर्फ टेप्पा एवं अन्य लोग अए और छात्राओं के साथ बदसलूकी करने लगे। मना करने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए धक्का मुक्की करने लगे। छात्रों ने गाली देने से मना किया तो सभी लोग गुण्डागर्दी करते हुए धमकी देने लगे हमारा जेल में आना जाना लगा रहता है हमारा क्या कर लोगे कहते हुए प्रियांशु शुक्ला पर चाकू, ब्लेड से हमला कर दिया है। घायल प्रियांशु शुक्ला ने बताया, बदमाशों ने उन पर चाकू, ब्लेड से हमला किया है। पुलिस ने प्रियांशु शुक्ला की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115,, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

■ सरकण्डा क्षेत्र में बदमाश बेखौफ, खॉकी का खौफ नहीं

चार डाक्टरों की टीम नहीं बता पाई मृत्यु का स्पष्ट कारण, बिसरा फ्रिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इलाज के दौरान आरक्षक की मौत के मामले में शार्ट पीएम रिपोर्ट पुलिस को मिल गई है। चार डाक्टरों की टीम आरक्षक की मौत का स्पष्ट कारण नहीं बता पाई है और फोरेंसिक जांच के लिए बिसरा फ्रिज कर दिया गया है। जांच के लिए बिसरा फोरेसिंक लेब भेजा जाएगा।

सरकण्डा थाना के आरक्षक सत्या पाटले की संदिग्ध मौत की जांच एक एएसआई के भरोसे चलने पर परिजनों में आक्रोश था। 4 मई को परिजनों ने उच्च अधिकारियों से मामले की जांच के लिए पृथक से टीम बनाने की मांग की गई है। खबर है कि 5 मई को मामले की जांच के लिए डीएसपी रेंक अधिकारी के नेतृत्व में पृथक से जांच टीम बना दी जाएगी। उसके बाद टीम के द्वारा मामले की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट पेश की जाएगी। ज्ञात हो कि आरक्षक पाटले को किडनी में पथरी की शिकायत थी। पिछले 10 दिनों से उनका श्रीराम केयर हास्पिटल में इलाज चल रहा था। गुरूवार को आरक्षक के पेट से 10 एमएम की पथरी आपरेशन कर निकाली गई थी।

इलाज के दौरान आरक्षक की मौत, अस्पताल में हंगामा

■ आरक्षक की मौत का मामला

जांच टीम बनेगी

आरक्षक की मौत के मामले में उच्च अधिकारियों से पृथक से जांच टीम गठित करने चर्चा हुई है। 5 मई को पृथक से जांच टीम गठित होने की संभावना है। इसमें डीएसपी, टीआई रेंक के अधिकारी शामिल रहेंगे।

- निमितेश सिंह परिहार
सिविल लाइन सीएसपी

तीस गांवों के 42 तालाबों को मिलेगा नया जलभराव

निस्तारी के लिए घोंघा व अरपा भैंसाझार के भी गेट खुले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गांवों में पूरी तरह सूख चुके तालाबों को पुनर्जीवित करने सिंचाई विभाग द्वारा घोंघा व अरपा भैंसाझार बांध के भी गेट खोले गए हैं। इसके अंतर्गत घोंघा जलाशय से 18 गांवों के 24 तालाबों में जलभराव किया जाएगा। इसी तरह अरपा-भैंसाझार बराज से 12 गांवों के 18 तालाबों में निस्तारी के लिए पानी दिया जाना है। घोंघा जलाशय एवं अरपा-भैंसाझार बराज से निस्तारी के लिए पानी छोड़ने की मांग काफी पहले से की जा रही थी।

भीषण गर्मी में पूरी तरह सूख चुके तालाबों में एक बार फिर शत प्रतिशत जल भराव करने में खारंग की तरह ही घोंघा जलाशय व अरपा-भैंसाझार बराज से भी के भी गेट खोल दिए गए हैं। दोनों ही जलाशयों की सीमा में बसे गांवों से पानी छोड़ने की मांग काफी पहले से आ रही थी, लेकिन तालाबों में जलभराव मौजूद होने के कारण उस दौरान पानी नहीं छोड़ा गया था। 25 अप्रैल को खारंग की तरह घोंघा व अरपा-भैंसाझार के गेट खोल दिए गए। विभाग के अनुसार बांधों के गेट कब तक खुले रहेंगे इसकी कोई निश्चित तिथि तय नहीं है, लेकिन संभावना है कि पंद्रह दिनों के भीतर सारे तालाबों में जलभराव हो जाने के बाद बांध के गेट बंद कर दिए जाएंगे।

लगातार उठ रही थी पानी छोड़ने की मांग

जिले के तीनों बड़े जलाशयों के गेट खुले

जिले में खारंग, घोंघा एवं अरपा-भैंसाझार तीन ही प्रमुख बड़े जलाशय हैं। वर्तमान में भीषण गर्मी में गांव में पूरी तरह सूख चुके तालाबों में जलभराव कर निस्तारी की व्यवस्था को सुचारू रखने तीनों ही बांधों के गेट खोले गए हैं। इसके अंतर्गत जिले के सबसे बड़े बांध खारंग से 107 गांवों के 211 तालाबों में जलभराव के लिए दोनों ही नहरों में पानी छोड़ा गया है।

खोले गए हैं गेट

घोंघा जलाशय व अरपा-भैंसाझार बराज के गेट 25 अप्रैल से खोले गए हैं। इसके अंतर्गत घोंघा से 18 गांवों के 24 तालाबों एवं अरपा-भैंसाझार से 12 गांवों के 18 तालाबों में जलभराव किया जाना है।

- डी.जायसवाल, ईई
जलसंसाधन कोटा संभाग

खबर संक्षेप

रहंगी में गायत्री मंत्र का उच्चारण 11 परिवार के घरों में गायत्री यज्ञ

लोरमी। ग्राम रहंगी में 11 परिवार के घरों में गृह गृह हवन पूजन एवं गायत्री मंत्र का उच्चारण और जप के साथ का कार्यक्रम किया गया जिसमें गायत्री माता के सुंदर भाव से कार्यक्रम किया गया। जिसमें भूपेंद्र साहू, देवानंद, मृत्युंजय साहू, उदित साहू, ज्यामित साहू ,दयाराम साहू ने अलग अलग घरों में जाकर किया। दुर्गाप्रसाद साहू ,रामसिंह पोर्ते, विरेंद्र ध्रुव, जलेश्वर साहू, भोलाराम साहू ,सिद्ध राम साहू ,परमेश्वर साहू, शिवानंद साहू, श्रीराम साहू ,गौकरण साकत, जीयाराम साहू के यहां कार्यक्रम संपन्न हुआ

भक्तों की सारी पीड़ा को हर लेते हैं भगवान

तखतपुर। भथरी में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा वाचक पं. रवि पाठक के द्वारा कथा विस्तार करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अपनी लीला के माध्यम से भक्तों को यह संदेश दिया कि भगवान पास में रहने पर ही गर्व से भरा हुआ

व्यक्ति नहीं देख पाता है लेकिन निष्काम भाव से भगवत भक्ति में डूबे हुए भक्त को भगवान दर्शन दे देते हैं। जो व्यक्ति श्रद्धा के साथ भगवान का स्मरण करता है उनकी सारी पीड़ाओं को भगवान हर लेते हैं। भथरी के पटेल परिवार में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास से हिरण्यकश्यप के कथा पर कथा विस्तार किया। इस अवसर पर कन्हैया पटेल, पिल्लू राम साहू, राकेश पटेल, परमेश्वर, सोन कुमार, इतवारी, रामप्रसाद, पवन, रमेश, मेलूराम, मनीराम, कुंज बिहारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

रैंप योजना अंतर्गत फूड प्रोसेसिंग प्रशिक्षण

लोरमी। समीपस्थ ग्राम बंधवा में भारत सरकार की रैंप योजना के अंतर्गत धरोहर क्लस्टर, बंधवा में माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस (लघु वनोपज) आधारित फूड प्रोसेसिंग विषय पर तीन दिवसीय सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 से 3 मई 2026 तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण सीएसआईडीसी के बैनर तले तथा एनआईएमएसएमई, हैदराबाद के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र की महिला स्व-सहायता समूहों की 33 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षक आनंद शर्मा ने प्रतिभागियों को लघु वनोपज से मूल्यवर्धित उत्पाद बनाने, आधुनिक फूड प्रोसेसिंग तकनीकों, बाजार की मांग के अनुसार मार्केटिंग रणनीतियों, आकर्षक एवं टिकाऊ पैकेजिंग डिजाइन तथा आवश्यक प्रमाणन प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग कर स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, जिससे उनमें आत्मविश्वास और उत्साह का संचार हुआ। इसके साथ ही इच्छुक प्रतिभागियों के लिए निशुल्क उद्यम पंजीयन प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई है, ताकि वे अपने व्यवसाय को औपचारिक रूप देकर आगे बढ़ सकें। इस पहल से क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

अस्पताल के सामने अतिक्रमण वाहन रखने में हो रही परेशानी

लोरमी। 50 बिस्तर अस्पताल के सामने हो रहे अतिक्रमण से लोगों को वाहन रखने में परेशानी हो रही है । अस्पताल के भीतर पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण अस्पताल में आने वाले लोगों को अपना वाहन सड़क के समीप मुख्य मार्ग में खड़ा करना पड़ता है । जिसके चलते आए दिन यहां दुघर्टना की संभावना बनी रहती है। अस्पताल के सामने रात में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है जिससे रात के समय यहां असुरक्षा का माहौल बना रहता है । इस संबंध में ग्राम मजगांव वार्ड क्रमांक 10के पार्षद धारणी पुरूषोतम राजपूत , पन्ना लाल तिवारी, परस राम, शेष नारायण तिवारी, बलभद्र सिंह, रामा नंद सिंह आदि ग्रामीणों ने ग्रामीणों ने कलेक्टर जन दर्शन में शिकायत कर अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। लेकिन इस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है । ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने की मांग प्रशासन से की है।

भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने फोड़े पटाखे, बांटी मिठाइयां

जनादेश भाजपा के साथ, पश्चिम बंगाल ने चुना नया रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने पश्चिम बंगाल चुनाव में भाजपा के जीत को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ-साथ कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है साथ ही पश्चिम बंगाल की जनता का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि बंगाल की जीत से एक नया बंगाल और सशक्त बंगाल का उदय हुआ है। पश्चिम बंगाल कि जनता तुष्टिकरण और अराजकता की राजनीति से त्रस्त हो चुकी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्त्व और उनकी लोककल्याण नीतियों के प्रति वहां की जनता का अटूट विश्वास इस चुनाव में एक क्रांतिकारी परिणाम लेकर आया है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जीत

केवल एक आकड़ो या पार्टी की जीत नहीं यह जीत दशकों से दबे उन लोगों की है जिनके हक को छीना जा रहा था। यह विजय हमारे प्रेरणास्त्रोत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की धरती पर राष्ट्रवाद और सोनार बंगला के स्वप्न का उदय है। उन्होने कहा कि बंगाल की जनता बताया है कि अराजकता और भ्रष्टाचार चरम पर हो तो अर्श से फर्श तक लाने में समय नहीं लगता। बंगाल में टीएमसी की हार इसका स्पष्ट उदाहरण है जिसे जनता ने उखाड़ फेका है और विकास का मार्ग अपनाया है और भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताया है। इसके लिए पश्चिम बंगाल की जनता का आभार है और निश्चित ही इस विश्वास को अटूट विश्वास बनाए रखने में भारतीय जनता पार्टी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि रुझान यह भी दर्शाते हैं कि युवा मतदाता विकास, विश्वसनीयता और जनता के साथ मजबूत जुड़ाव को महत्व देते हैं। इसके साथ ही भाजपा ने असम राज्य में हैट्रिक करते हुए प्रचंड जीत हासिल की है इससे स्पष्ट होता है कि भाजपा और जनता के बीच का सबंध अटूट विश्वास का सबंध है, असम कि जनता ने ये सबित कर दिया है कि असम की प्रगति और सुरक्षित भविष्य के लिए भाजपा ने पिछले 10 वर्षो में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उन्होंने कहा कि जनता ने फिर से विकास का मार्ग चुना है।

कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न

बिलासपुर। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक ने पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा के प्रचंड जीत पर नगर पालिका परिषद बोदरी स्थित श्री राम मंदिर के सामने आतिशबादी फटाके फोड़ कर मिठाइयां और झालमुड़ी बांटकर बधाई दी।

इस मौके पर कौशिक ने कहा कि यह ऐतिहासिक विजय जन-जन के विश्वास, कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और पार्टी की जनहितकारी नीतियों का परिणाम है। इस जीत ने विकास, सुशासन और राष्ट्रसेवा के संकल्प को और अधिक मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों का बंगाल अब विकास की नई राह पर है। उनके सिद्धांतों पर चलते हुए यह जीत हर कार्यकर्ता के लिए गौरव का क्षण है।

पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में सुशासन का शंखनादः साहू

लोरमी। विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए को प्राप्त प्रचंड बहुमत पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री विनय साहू ने स कहा यह ऐतिहासिक विजय हमारे

लाखों समर्पित कार्यकर्ताओं की तपस्या,देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के प्रति अटूट विश्वास और राष्ट्रसेवा के प्रति हमारी अडिग प्रतिबद्धता का प्रतिफल है। सभी मतदाताओं का भी हृदय से अभिनंदन करता हूं, जिन्होंने बंगाल में भय और भ्रम की राजनीति को नकारते हुए विकास, सुशासन और विश्वास के मार्ग को चुना। यह जनादेश स्पष्ट संदेश है देश अब स्थिरता, विकास और निर्णायक नेतृत्व चाहता है।

पथरिया में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

पथरिया। नगर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल में पार्टी की जीत पर उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के कुशल रणनीतिक संचालन में यह चुनाव लड़ा गया, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने इस

जीत को पार्टी की नीतियों और जनविश्वास की जीत बताया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव , पूर्व नगर अध्यक्ष जसपाल सिंह छाबड़ा, सभापति मेलाराम डडसेना, सभापति प्रतिनिधि ओमू दिवान, महासचिव बलराम जायवाल, सभापति इंद्रजीत यादव, पार्षद देवेन्द्र डडसेना, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रविन्द बघेल, सुखदेव वर्मा, रमेश राजपूत सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा के पक्ष में ऐतिहासिक मतदान

सरगांव। पश्चिम बंगाल व तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की विजय के उपलक्ष्य में सरगांव मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर एक-दूसरे को मिठाई व झाल मूडी खिलाई और जीत की बधाइयाँ दीं। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

भाजपा समर्थकों ने आतिशबाजी व फटाके फोडे साथ विजय का जश्न मनाते हुए नारेबाजी की। जय श्रीराम "भारत माता की जय" और "भाजपा जिंदाबाद" के नारों से वातावरण गूंज उठा। मंडल अध्यक्ष पोषण यादव वरिष्ठ ने इस जीत को कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम बताया वरिष्ठ कार्यकर्ता बाबा परेटन गिरी गोस्वामी ने कहा कि यह भय के खिलाफ जनता ने मतदान करते हुए भाजपा के विकास कार्यों के पक्ष में मतदान कर ऐतिहासिक जीत दिलाई। जिला पंचायत सभापति अंबालिका साहू ने कहा कि यह विजय देश के विकास और सुशासन की नीतियों पर जनता की मुहर है। उन्होंने आगे भी इसी प्रकार जनसेवा और विकास कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर रणजीत सिंह हूरा,शिव पाण्डेय, रामकुमार कौशिक, राम जुड़ावन साहू, पंकज वर्मा, विशाल कौशिक, विरेन्द्र तिवारी, निखिल कौशिक, दुर्गेश कौशिक,बिसई राजपूत, गोलू, राजपूत, भोज वर्मा, कमलेश अग्रवाल, महेश साहू, पवन साहू, तरुण अग्रवाल, गोपाल जुनेजा, समर जुनेजा, सुरेश निर्मलकर, जमुना पाडे, सविता कौशिक, नंदनी साहू, पूर्णिमा ध्रुव आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस ऐतिहासिक जीत को उत्सव के रूप में मनाया और एकजुटता का संदेश दिया।

देश की जनता विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने को प्रतिबद्ध

तखतपुर। बंगाल में भाजपा की जीत होने पर भाजपाईयों ने पटाखे चलाकर खुशियों का इजहार किया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य धनंयज सिंह क्षत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल, पाण्डुचेरी एवं असम में भारतीय

जनता पार्टी को प्राप्त हुई। ऐतिहासिक एवं प्रचंड विजय पर यह विजय देश की जागरूक जनता के उस अटूट विश्वास का प्रतीक है। यह जनादेश स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि देश की जनता अब विकास, सुशासन, सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। हिन्दू एकता मंच के द्वारा पश्चिम बंगाल में हिंदुत्व की जीत सहित भाजपा की जीत पर महाराणा प्रताप चौक मे फटाके फोड़कर ख़ुशी मनाया गया जिसमें दिनेश पाण्डेय, धनंजय ठाकुर, विवेक पाण्डेय, देव सिंह ठाकुर, ओमकार सोनी, दुर्गा ठाकुर, निरंजन क्षत्रिय, आकाश गुप्ता, अश्वनी देवांगन, संदीप साहू, हिरेन्द कश्यप, गरीबा यादव, लल्लू जायसवाल, अजय यादव, विक्की यादव, सुशील शिवहरे, रुपेश देवांगन, रुपेश गुप्ता, आनंद श्रीवास, संतोष निर्मलकर ओमकार ठाकुर, अजय पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

मजबूत नेतृत्व को प्राथमिकता दे रही जनता

मुंगेली। तीन राज्यों में भाजपा को विजय मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर बैंड बाजे एवं आतिशबाजी के साथ अपनी खुशी जाहिर की। कार्यकर्ताओं ने आपस मे मिठाई बांटी और फटाके फोड़ कर अपनी प्रसन्नता

व्यक्त की। भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि इन नतीजों ने यह साफ कर दिया कि जनता विकास, स्थिरता और मजबूत नेतृत्व को प्राथमिकता दे रही है। मतदाताओं ने अपने वोट के जरिए यह संकेत भी दिया कि वे देश और राज्यों में किस तरह की सरकार चाहते है। पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजे सामने आ चुके हैं। 4 मई को हुई मतगणना के बाद जो तस्वीर उभरकर आई, उसने सियासी समीकरण बदल दिए हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय ने कहा कि जनता ने एक बार फिर साबित कर दिया कि लोकतंत्र में अंतिम फैसला जनता जनार्दन का ही होता है और इस बार तीन राज्यों में भाजपा ने जीत का परचम लहराते हुए अपनी मजबूत पकड़ दिखाई है। इस अवसर पर गिरीश शुक्ला, शैलेष पाठक, संजय वर्मा, नितेश भारद्वाज, पवन पाण्डेय, यश गुप्ता, जीवन पटेल सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शिविर में 11 बच्चों ने लिए शतरंज खेलने के टिप्स

मुंगेली। जिला शतरंज संघ द्वारा 1 मई से 16 मई तक ग्रीष्मकालीन शतरंज प्रशिक्षण शिविर 2026 का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर के दूसरा दिन उत्साहपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण शिविर स्थानीय आगर हाई स्कूल दाऊपारा में आयोजित किया जा रहा है।

शिविर के दूसरे दिन कुल 11 बच्चों ने भाग लेकर शतरंज की बारीकियों को सीखा। प्रशिक्षण के दौरान कोच एवं संघ के वरिष्ठ सदस्यों ने प्रतिभागियों को मोहरों की चाल, खेल के नियम तथा शुरुआती रणनीतियों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने बच्चों को एकाग्रता, धैर्य और रणनीतिक सोच विकसित करने के लिए नियमित अभ्यास का महत्व भी बताया। शिविर में बच्चों ने उत्साह के साथ प्रशिक्षण लिया और शतरंज के विभिन्न पहलुओं को

समझने का प्रयास किया। यह प्रशिक्षण शिविर प्रतिदिन सुबह 7.30 बजे से 9.30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। शिविर में राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ खिलाड़ी देवराज वंदे प्रशिक्षण देकर खेल की बारीकियां सिखा रहे है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आगे राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मुंगेली जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। शिविर के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को पुरस्कार भी दिए जाएंगे। जिला शतरंज संघ के उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा इस आयोजन के मुख्य संयोजकों में से एक हैं।

गौशाला में शेड के लिए नपा अध्यक्ष ने दिए साढ़े नौ लाख

मुंगेली। नगर पालिका क्षेत्र के रेहूंटा मार्ग पर स्थित गौशाला के लिए नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने गौवंश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शेड निर्माण हेतु 9 लाख 53 हजार रुपए की बड़ी राशि आबंटित की है।

बीते गुरुवार को क्षेत्र में आए तेज अंधड़ के कारण गौसेवा धाम द्वारा निर्मित अस्थाई शेड पूरी तरह से टूट गया था। इस आपदा के कारण गौ वंशों के लिए सिर छिपाने की जगह का संकट उत्पन्न हो गया था। हालात की गंभीरता को समझते हुए गौसेवा धाम के सदस्यों ने नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला से मिलकर इस समस्या से अवगत कराया। अध्यक्ष ने बिना देर किए तत्काल मामले का संज्ञान लिया

और अधिकारियों को नए शेड के निर्माण हेतु निर्देशित किया। नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने जानकारी दी कि, उनके अपने मद से 9 लाख 53 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि, इस कार्य में कोई देरी नहीं होगी और ठेकेदार आनंद मिश्रा के द्वारा सोमवार से ही युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा, ताकि गौवंशों को जल्द ही सुरक्षित और पक्का आश्रय मिल सके। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने कहा कि, गौ सेवा करना हर व्यक्ति का परम कर्तव्य है।

हुए विविध आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

विप्रजन ने भव्य शोभायात्रा के साथ मनाया परशुराम जन्मोत्सव

पेंड्रा। सर्व ब्राह्मण परिषद के तत्वावधान में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने जयकारों के बीच आकर्षक झांकियों और बाजे-गाजे के साथ शोभायात्रा का आयोजन किया।

यह शोभायात्रा पुरानी बस्ती स्थित राम मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई अंजनी वटिका स्थित हनुमान मंदिर में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान जगह-जगह नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। विप्र समाज की महिलाओं ने थाल में दीप प्रज्वलित कर भगवान परशुराम की आरती उतारी और पूरे आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई। आयोजन में शामिल ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने बताया कि भगवान परशुराम को धार्मिक ग्रंथों में राम जामदग्न्य, राम भार्गव और वीरराम जैसे नामों से भी जाना जाता है। मान्यता है कि वे भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं और आज भी पृथ्वी पर विराजमान हैं। उन्होंने अत्याचार के विरुद्ध धर्म की स्थापना कर ब्राह्मणों और ऋषियों की रक्षा की थी। इस

अवसर पर पेंड्रा सहित गौरेला, मरवाही, कोटमी और धनपुर क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। सर्व ब्राह्मण परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

महिलाओं व बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

सर्व ब्राह्मण परिषद महिला मंडली द्वारा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत फैंसी ड्रेस, मेहंदी, रंगोली, चित्रकला, कविता, नृत्य एवं गायन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सभी प्रतियोगिताओं में विजेताओं को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। महिला मंडली की सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन विगत दो वर्षों से लगातार किया जा रहा है और इस वर्ष तीसरी बार इसका आयोजन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करना है। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण परिषद महिला मंडल की महिलाएं, बच्चे एवं समाज के अन्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। **ये रहे विजेताः** रंगोली प्रतियोगिताः प्रथम श्रेयांशी मिश्रा एवं आराध्या शुक्ला, द्वितीय सुहानी तिवारी, तृतीय साधना तिवारी। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताः प्रथम संस्कार शुक्ला, द्वितीय शशांक मिश्रा, तृतीय संस्कार उज्जवल तिवारी, सांत्वना समीक्षा तिवारी।

नवरंगपुर में आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा ने निकाली शोभायात्रा

लोरमी। भगवान परशुराम के प्राकट्य उत्सव पर आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा छत्तीसगढ़ ब्लॉक इकाई डिंडौरी के अंतर्गत आने वाले ग्राम नवरंगपुर में ग्राम के ठाकुर देव मंदिर से शोभायात्रा, बाइक रैली निकाली गई। नगर भ्रमण करते हुए सभास्थल तक बाइक रैली पहुंची। भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर महाआरती से प्रारम्भ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष कृषक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन ने कहा कि हम अपना ईष्ट और आराध्य भगवान परशुराम जी को मानते हैं। हमे उन्ही के तरह समर्थ गुणवान होना पड़ेगा, हनारे पूर्वजों ने त्याग किया आज उसका हमें लाभ मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश कॉग्रेस कमेटी महामंत्री अर्जुन तिवारी ने कहा कि समाज को संगठित होने की आवश्यकता है, हम सबको अपनी प्राकृतिक कुलों को पहचानना होगा अपनी ताकत को दिखानी होगी। कार्यक्रम को अतिविशिष्ट अतिथि राकेश तिवारी, नगर पालिका मुंगेली अध्यक्ष रोहित शुक्ला, पूर्व मंडी अध्यक्ष बलौदाबाजार सुशील शर्मा ब्लाक संयोजक कौशल दुबे , प्रवक्ता मुरारी पाठक, योगेश पाठक, नीलेश दुबे ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन आशीष शुक्ला ने व आभार प्रदर्शन कौशल दुबे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुरेंद्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष कृषक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन, कार्यक्रम के अध्यक्षता अर्जुन तिवारी महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में राकेश तिवारी प्रदेश अध्यक्ष आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा छत्तीसगढ़, विशिष्ट अतिथि रोहित शुक्ला अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मुंगेली अति विशिष्ट अतिथि सुशील शर्मा पूर्व मंडी अध्यक्ष बलौदा बाजार, संदीप पांडे, सुभाष शर्मा, कौशल दुबे, मुरारी पाठक, सुरेंद्र पांडे, योगेश पाठक, जितेंद्र पाठक शशांक चौबे, विद्या प्रसाद दुबे, सुभाष शर्मा, ब्रह्मनंद त्रिपाठी, दीपक प्यासी, नीलेश दुबे, भावेश शर्मा दुर्गा प्रसाद दुबे, राजकुमार दुबे, रमेश शुक्ला, अशोक उपाध्याय, मणिशंकर तिवारी, संतोष उपाध्याय, अभिजीत तिवारी, महेश मिश्रा, मोहनलाल शर्मा, गजानंद तिवारी, शंकर लाल मिश्रा, अजय तिवारी, ताराचंद तिवारी, प्रमोद पाठक, महेश पाठक, पालेश्वर पाठक, शखा राम तिवारी, देवेंद्र दुबे, मनोहर प्रसाद पाठक, ओंकार प्रसाद पांडे, दीपक पांडे, प्रकाश पाठक, सतीश पांडे, दिनेश दुबे, जय प्रकाश शर्मा, सुरेंद्र मिश्रा विशाल दुबे एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय विप्र जन उपस्थित रहे।

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

कार्यक्रम

लायंस क्लब स्माइल ने राम रसोई में भोजन कराया

बिलासपुर। लायंस क्लब स्माइल परिवार द्वारा डिस्ट्रिक प्रोजेक्ट फूड फॉर हंगर के तहत मंगला चौक में स्थित श्री राम रसोई में 500 लोगों को भोजन क्लब की कोषाध्यक्ष लायन दीप्ति साहू एवं लायन एस आर साहू के जन्म दिन पर भोजन कराया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष लायन रीता राजगीर, सचिव लायन डॉक्टर सुरभि राजगीर, अन्यनया साहू उपस्थित रही। अन्नदान महादान' है, क्योंकि भूखे व्यक्ति को भोजन कराने से बड़ा कोई धर्म नहीं है। हमारे समाज में कई लोग ऐसे हैं जो दो वक्त की रोटी के लिए तरसते हैं, भोजन वितरण कर इससे न केवल भूख मिटती है बल्कि समाज में भाईचारे और सेवा की भावना भी बढ़ती है। भोजन वितरण से हमें यह सीख मिलती है कि खुशियाँ बाँटने से बढ़ती हैं। हमें भी अपने जन्मदिन, त्योहार या विशेष अवसरों पर फिजूलखर्ची करने की बजाय भोजन वितरण करना चाहिए। एक थाली भोजन किसी के चेहरे पर मुस्कान ला सकता है। याद रखें, जो देता है वही पाता है। सब मिलकर संकल्प लें कि कोई भी हमारे आसपास भूखा न सोए। क्योंकि सच्ची मानवता यही है कि हम दूसरों की मदद करें।

आयोजन

संस्कृत भाषा सिखाने प्रचार समिति युवाओं को अब गर्मी में देगी मौका

बिलासपुर। संस्कृत भाषा का बोध कराने के लिए इस गर्मी में भी संस्कृत भारती शिविर का आयोजन करने की तैयारी में है। संस्कृत भारती संस्था लगभग हर राज्य में सेवा दे रही है। हर वर्ष राज्य स्तरीय संस्कृत प्रशिक्षण शिविर लगाया जाता है। संस्था का मुख्य उद्देश्य संस्कृत भाषा का पुनरुत्थान, इसका प्रचार प्रसार, संस्कृत ग्रंथों का संरक्षण, संस्कृत के माध्यम से देशसेवा एवं संस्कृत को बोलचाल की भाषा बनाना तथा संस्कृत में करियर बनाना है। संस्कृत भारती का प्रधान कार्यालय दिल्ली में है, जहां अभी अक्षय तृतीया के पुण्य पर्व पर प्रणव नां सो भव्य कार्यालय का शुभारंभ किया गया है। हर वर्ष संस्कृत सम्मेलन व प्रांत स्तरीय शिविर लगाया जाता है, जिसमे सभी जिलों से संस्कृत प्रेमी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं पुरुष व अन्य गृहिणी महिलाएं भी भाग लेती हैं।

धर्म-क्षेत्र

मरीमाई पूजा उत्सव में महाआरती व पूजा आज

बिलासपुर। श्री मरीमाईं माता पूजा उत्सव समिति द्वारा कंस्ट्रक्शन कालोनी में गर्मी में होने वाले सोलापुरी माताजी का धार्मिक अनुष्ठान चौथा एवं अंतिम पूजा है। अध्यक्ष डॉ अजय सिंह जी एवं सचिव एन मनोहर राव ने बताया कि रेल्वे परिक्षेत्र लोको कालोनी में स्थित त्रिपुरी सुंदरी मरीमाई माता मंदिर में गीली हल्दी से निर्मित आकर्षक स्वरूप सोलापुरी माताजी का खड़गपुर से आये पुजारी के सुधाकर राव के द्वारा बनाया गया है। इसके बाद पूजा अर्चना कर नगर भ्रमण के लिए भव्य शोभायात्रा शाम 6 बजे आनंदमय वातावरण में, डबली बाजा, ताशा बाजा, वाद्ययंत्रों, लाइटों का सजावट एवं आतिशबाजी के साथ माताजी का आगमन हुआ। इस शोभायात्रा में खड़गपुर से आये काली नृत्य भक्तों के लिए बहुत ही आकर्षण केंद्र रहा है। माताजी जिन जिन मार्गों से गुजर रही थी यहां के निवासी हृदय पूर्वक माताजी का स्वागत किये और यहां की महिलाऐं पीतल की गुंडी में हल्दी सिंदूर से श्रृंगार कर, मोंगरे फूल एवं नीम पत्ती से सजावट कर हल्दी मिश्रित पानी डालकर जिसे शीतल जल मोराटा भी कहते हैं।

शिविर

सत्यता को जानने से मिलेगी शक्ति - ब्रह्माकुमारी गायत्री

बिलासपुर। टिकरापारा स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवा केन्द्र प्रभु दर्शन भवन में आयोजित 10 दिवसीय उड़ान बाल संस्कार शिविर के दूसरे दिन प्रशिक्षकों ने बताया कि सही मुद्रा में बैठने से नर्वस सिस्टम सक्रिय रहता है। प्राणायाम से बुद्धि प्रखर होती है। जिससे पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ती है। सत्र की शुरुआत ममता सगदेव और बीके राकेश के मार्गदर्शन में योगाभ्यास से हुई। बच्चों ने गर्दन, कंधों और पैरों के सूक्ष्म व्यायाम के साथ ही कपालभाति, अनुलोम-विलोम और अग्निसार जैसे प्राणायामों का अभ्यास किया। बच्चों को विशेष हिदायत दी गई कि व्यायाम के तुरंत बाद पानी न पिएं। वहीं बच्चों ने रामायण की चौपाई-हम कथा सुनाते राम सकल गुण धाम की.. और देशभक्ति गीत-उठो जवान देश के वसुंधरा पुकारती.. का अभ्यास किया। 'सर्वे भवंतु सुखिनः' की प्रार्थना के साथ सभी के कल्याण की कामना की गई। गायत्री बहन ने बताया कि अनुशासन और सीखने में रुचि दिखाने वाले बच्चों को शिविर के अंत में पुरस्कृत किया जाएगा।

समर वैकेशन में बच्चे सीख रहे डांस, स्वीमिंग व बॉस्केटबाल

बच्चे गर्मी की छुट्टियों को सदुपयोग करने अभिभावक इस समय में नई प्रतिभाओं से बच्चों को रूबरू करा रहे है। बच्चे समर कैंप व समर क्लासेस के माध्यम से डांस, म्यूजिक, स्केटिंग, योग प्रशिक्षण, पेंटिंग, मार्शलआर्ट, मिड ब्रेन एक्टिवेशन, ज़ुंबा डांस आदि सीख रहे है। छुट्टी के दौरान बच्चे पढ़ाई के साथ अलग हुनर सीख सकें। इसके लिए स्कूलों के साथ ही संस्था द्वारा भी समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में एक ओर जहां बच्चे हुनरमंद बनेंगे वहीं उनकी प्रतिभा भी निखरेगी। बच्चों के साथ ही अभिभावकों को भी गर्मी की छुट्टी का इंतजार रहता है।

बिलासपुर। बच्चे जहां समर कैंप में मस्ती में नई चीजें सीखते हैं वहीं अभिभावकों का कहना है फोन और कंप्यूटर के दौर में बच्चों को कुछ अलग सिखाने के लिए समर कैंप कारगर है। समर कैंप में कही गीत, संगीत, गिटार, स्केटिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। तो कहीं बास्केटबॉल, चेस, स्केटिंग, नौकायन आदि का प्रशिक्षण ले रहे है। इसके अलावा लड़कियों के लिए मेंहदी, सिलाई कढ़ाई और ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण ले रहे। बच्चों को प्रशिक्षण के देने के साथ ही उनका आईक्यू टेस्ट भी लिया होगा। इससे बच्चों के सीखने की क्षमता पता चलेगी।

कथक कलाकार निधी मिश्रा ने बताया कि कैंप के तहत युवाओं को कथक नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। समर कैंप के तहत स्पोर्ट्स शिविर में बच्चों को अलग-अलग खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा,कुश्ती,वालीबॉल के कई खेल खेलेंगे।

अभिभावकों में भी बेहद उत्साह, सुबह-शाम पालियों में चल रही क्लासेस

कला को निखारने अभ्यास जरूरी

प्रोफेसर आर के स्वामी ने चताया कि कला कोई भी हो जब तक निखारेगी नहीं तब तक उसमें परांगत नहीं हो सकते हैं। कला को सीखने बच्चे जरूर खाली समय में जाकर सीख जाते हैं,मगर अभ्यास ना होने से वे मूल जाते है। अभिभावक जिस उत्साह से बच्चों को सीखाते है, उसी उत्साह से उनकी कला में निखार लाने नियमित अभ्यास मी कराएंगे तो वे निश्चित ही उन विधाओं में परांगत हो जाएंगे।

क्लासिकल नृत्य से बच्चों में बढ़ रहा धैर्य

डिजिटल समय जब सब कुछ तुरंत हो जा रहा है, तो बच्चों के अंदर धैर्य बिल्कुल भी नहीं है। तो फैरेटस बच्चों के अंदर धैर्य का मूल्य लाने के लिए क्लासिकल नृत्य सीखा रहे है। इससे बच्चों में एकाग्रता बढ़ती है। इसके साथ बच्चे वेस्टर्न, कत्थक, फोक डांस मी सीख रहे हैं।

कराते से बच्चों में आत्मरक्षा के गुण

ट्रेनर आकाश सिंह ने बताया कि आजकल डिजिटल दौर में फिजिकली एक्टीविटी कम हो गई है। बच्चें आत्मरक्षा के गुण भी सीखते हैं। कराते में बच्चे अंतराष्ट्रीयस्तर पर परचम लहरा रहे हैं। यह कला बचपन से ही बच्चे सीखे तो उनमें शारीरिक क्षमता बढ़ेगी।

बच्चों के लिए दो माह रिजर्व

गर्मी में शरीर को ठंडा रखने बड़े से लेकर बच्चों में स्विमिंग का क्रेज रहता है। शहर के स्वीमिंग पुलों पर सुबह-शाम छपाक-छपाक करते बच्चे खूब आनंदित हो रहे हैं। रेलवे के स्वीमिंग प्रशिक्षक हेमंत परिहार ने बताया कि गर्मी में बच्चों से पुल सराबोर रहता है। सभी पालियों में सिर्फ बच्चे ही रहते हैं, इनके लिए खासतौर पर रिजर्व समय इन दो महिनों के लिए रखा जाता है।

बच्चों को ताईक्वांडो पंच मारने की सिखाई तकनीक

ब्रह्माकुमारीज ओम शांति सरोवर उसलापुर में चल रहे बाल व्यक्तित्त्व विकास शिविर समर कैंप के चौथे दिन बच्चों को ताइक्वांडो कोच गणेश सागर ने बच्चों को ताईक्वांडो पंच मारने की तकनीक सिखाई एवं उन्हें स्व-रक्षा के मूलभूत कौशल से अवगत कराया। योगा ट्रेनर एवं डाईटिशियन दीपिका बहन ने बच्चों को योगासन सिखाया। जिसमें तड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, सुखासन, शवासन, वज्रासन, नौकासन, योगासन सिखा कर इसके फायदे बताए।

सेवाकेंद्र संचालिका बीके छाया दीदी ने सभी बच्चों को तनाव मुक्त रहने के टिप्स बताए। बच्चों ने अपने तनाव के कई छोटे कारण बताए। दीदी ने उनका समाधान दिया। उन्होंने बताया कि हम जितना अपने विचारों को पॉजिटिव बनाएंगे उतना तनाव मुक्त रहेंगे। दीदी ने मेडिटेशन भी कराया। सभी बच्चों ने शांति की गहन अनुभूति की। बीके अनामिका बहन ने बच्चों को 'एग्जाम फीवर' के बारे में बताया कि परीक्षा से कई बच्चों में तनाव होता है लेकिन पढ़ाई के साथ परीक्षाएं भी बहुत आवश्यक हैं। परीक्षाएं हमारे अंदर छिपी शक्तियों व क्षमताओं को बढ़ाती हैं। बच्चों को ड्राइंग, पेंटिंग बनाना भी सिखाया। बीके गरिमा बहन ने बच्चों को बताया कि हम सभी के परमपिता परमात्मा एक ज्योति स्वरूप, सुप्रीम एनर्जी हैं। हमें अपना कनेक्शन उनसे जोड़ कर खुद को चार्ज करना है। बीके खुशी बहन ने बच्चों को प्रकृति के पांच तत्वों की अहमियत समझाई। सभी चीजें बच्चों को एक्टिविटी और गेम्स के द्वारा सिखाई गई।

बेटियों के पर न काटें, बढ़ाएं उड़ान का हौसला

नामदेव समाज ने किया मातृ शक्तियों का सम्मान

बिलासपुर। अखिल भारतीय नामदेव क्षत्रिय महासंघ महिला इकाई बिलासपुर ने मातृत्व दिवस पर मातृ शक्ति सम्मान का आयोजन किया। इसमें समाज की 70 वर्ष से अधिक की महिलाओं का श्रीफल, शॉल से सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी ने कहा कि बेटियों को दबाए नहीं बल्कि उन्हें आगे बढ़ाएं। बेटियों के पर नहीं काटे, उनके उड़ान के हौसले बढ़ाएं। आज महिलाएं देश में कहीं भी कमजोर नहीं है। बेटियां अपने नाम से जानी जाती हैं। अब देश में महिलाओं के सम्मान में बदलाव आया है। अपनी बेटियों पर गर्व करें और उन्हें संस्कार दें। आज बेटियां अपने घर की जिम्मेदारी के साथ ही समाज, देश का नेतृत्व कर सकती है। महिलाएं सशक्त होंगी तो समाज स्वस्थ होगा और समाज आगे बढ़ेगा। उन्होंने श्री संत नामदेव सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 10 लाख की राशि देने की घोषणा की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रश्मित कौर ने बताया कि अपने पहली पोस्टिंग के समय वह 10 से अधिक बाल विवाह रोकने में सफलता पाई थी। उन्होंने बालिकाओं को पैरा मेडिकल फोर्स, पुलिस विभाग सहित अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। महासंघ की प्रदेश महिला कार्यकारी अध्यक्ष रानू नामदेव ने कहा कि अध्यक्ष भानुमति गुजरिया के नेतृत्व में नामदेव समाज की महिलाएं राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट हो रहीं हैं। संत शिरोमणि नामदेव महाराज ने पूरे देश में भ्रमण करके नामदेव समाज के लोगों को प्रेम और सेवा का मार्ग दिखाया है। इसकी पहले सीख माता से मिलती है। तहसीलदार जयंती देवांगन ने कहा कि मातृ शक्ति ही बच्चों को सुरक्षा प्रदान करती है और उसके जीवन को सुरक्षित और सफल रखती है। महिलाओं को समानता का अवसर प्रदान करना चाहिए।

कार्यक्रम में महासंघ की जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष अनामिका वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति नामदेव, सीमा, सुषमा, सुधा नामदेव, कीर्ति वर्मा, पार्वती नामदेव, नेहा वर्मा की उपस्थिति रही।

विश्व अस्थमा दिवस आज

विश्व अस्थमा दिवस 5 मई को मनाया जाएगा। पहली बार 1998 में शुरू हुआ यह दिवस अब वैश्विक स्तर पर अस्थमा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रमुख माध्यम बन चुका है। हर साल की तरह इस बार भी दुनिया भर में सैकड़ों अभियान चलाकर लोगों को अस्थमा के निदान, प्रबंधन और रोकथाम के बारे में जागरूक किया जाएगा।

अस्थमा के हर मरीज तक इनहेलर पहुंचाना अब भी बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस वर्ष ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर अस्थमा ने थीम तय की है "अस्थमा से पीड़ित सभी लोगों के लिए सूजनरोधी इनहेलर तक पहुंचअब भी एक अत्यावश्यक आवश्यकता"। शहर के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ प्रदीप सिहारे एवं डॉ॰ राजीव शिवहरे का कहना है कि अस्थमा के प्रभावी नियंत्रण के लिए इनहेल्ड कॉर्टिकोस्टेरॉयड दवाएं बेहद जरूरी हैं, लेकिन आज भी बड़ी संख्या में मरीजों तक इनकी पहुंच नहीं है।

अस्थमा एक आम लेकिन गंभीर दीर्घकालिक बीमारी है, जिससे देश में लाखों लोग प्रभावित हैं। इसके दौरे मरीजों के साथ-साथ उनके परिवार के लिए भी चिंता का कारण बनते हैं और कई बार अस्पताल में भर्ती की स्थिति भी उत्पन्न कर देते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, अस्थमा का मुख्य कारण श्वसन नलिकाओं में सूजन है। केवल राहत देने वाली दवाएं अस्थायी आराम देती हैं, जबकि इनहेलर आधारित दवाएं सूजन को नियंत्रित कर बीमारी को जड़ से संभालती हैं। यही वजह है कि डॉक्टर इनहेलर के नियमित उपयोग की सलाह देते हैं।

अस्थमा अक्सर एलर्जी के कारण होता है, जिसमें धूल, धुआं, परागकण, पालतू जानवरों के बाल और प्रदूषण प्रमुख ट्रिगर हैं। मौसम में बदलाव, संक्रमण और तेज गंध भी इसके दौरे को बढ़ा सकते हैं। इसके लक्षणों में सांस लेने में तकलीफ, खांसी और सीने में जकड़न शामिल हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि सही समय पर उपचार और इनहेलर के नियमित उपयोग से अस्थमा को पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है, जिससे मरीज सामान्य जीवन जी सकता है।

स्पोर्ट्स न्यूज

क्रिश्चियन प्रीमियर लीग में क्वार्टर फाइनल मैच आज खेले जाएंगे

बिलासपुर। क्रिश्चियन वेलफेयर सोसाइटी और सीजेसी चैलेंजर्स भथरी के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए क्रिश्चियन वेलफेयर सोसायटी की टीम ने दस ओवरों मे 104 रनो का लक्ष्य दिया जिसे सीजेसी चैलेंजर्स भथरी ने तीन विकेट खोकर हासिल किया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच सीजेसी चैलेंजर्स भथरी के नितिन रहे।

दूसरा क्वार्टर फ़ाइनल मैच मिशन हॉस्पिटल तिल्दा और चर्च ऑफ क्राइस्ट कोरबा के मध्य खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए मिशन हॉस्पिटल तिल्दा ने दस ओवर में 140 रनो का लक्ष्य चर्च ऑफ क्राइस्ट कोरबा के सामने रखा। जिसे कोरबा की टीम द्वारा अंतिम ओवरों मे शानदार तीन छक्के लगाकर हासिल किया। इस रोमांचक मैच के मैन ऑफ द मैच चर्च ऑफ क्राइस्ट कोरबा के रजत रहे जिन्होंने अंतिम चार बॉलो पर तीन लगातार छक्के लगाकर टीम को जीत दिलाई।

पहला सेमीफाइनल मुक़ाबला सीजेसी चैलेंजर्स भथरी और चर्च ऑफ क्राइस्ट कोरबा के मध्य खेला गया जिसमें सीजेसी चैलेंजर्स भथरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दस ओवर में 127 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चर्च ऑफ क्राइस्ट कोरबा की टीम ने रोमांचक मुक़ाबले में अतिम दो गेंदों पर ऑनंद के छक्के के साथ जीत हासिल की और फ़ाइनल मे जगह बनाई।

क्वार्टर फ़ाइनल मैच का पहला मुक़ाबला सेंट पॉल कैथड्रल चर्च रायपुर और क्रिश्चियन क्लब कोरबा के मध्य मंगलवार को शाम सात बजे खेला जाएगा। दूसरा मुक़ाबला डिसाइपल चर्च ऑफ क्राइस्ट पेंड्रा ज्योतिपुर और एडी बॉयज कॉसाबेल जशपुर के मध्य खेला जाएगा।

महिला कबड्डी में पेंड्रा की टीम बनी विजेता

छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग के महिला वर्ग में जीपीएम पैथर्स पेंड्रा ने एमजेआर को 15 अंको से हराकर चैंपियन बनी। इस संबंध मे जानकरी देते हुवे छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग पुरुष वर्ग के चेयरमैन हेमंत यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रो कबड्डी प्रीमियर लीग महिला वर्ग 9 वें संस्करण का समापन 3 मई को मुख्य अथिति के उपस्थित में हुआ।

प्रतियोगिता का पहला मैच जीपीएम पैथर्स पेंड्रा विरुद्ध आरआरबीवाई फाइटर मुंगेली के मध्य खेला गया जिसमें पेंड्रा ने 34-28 के मुकाबले 6 अंको से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला एमजेआर विरुद्ध गोंडवाना रेप्टार्स राजनांदगाव के मध्य खेला गया जिसमें रानी बछाली ने 30-21 के मुकाबले 9 अंकों से जीत दर्ज कर फाइनल मे प्रवेश किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पेंड्रा विरुद्ध रानीबछाली के मध्य खेला गया जिसमे पेंड्रा ने 35-20 के मुकाबले 15 अंको से हराकर 9 वें संस्करण की चैंपियन बनी। यह प्रतियोगिता

छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर महिला वर्ग समिति व जिला कबड्डी संघ व नगर कबड्डी संघ बिलासपुर की मेजबानी मे आयोजित किया किया गया। प्रतियोगिता संजय तरण पुष्कर मुंगेली नाका चौक खेल मैदान में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता लीग कम नाक आउट नियम से खेला गया। इस प्रतियोगिता में अन्य राज्य दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओड़िसा, उत्तरप्रदेश से प्रो कबड्डी व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है ताकि इस स्तर के खिलाड़ियों से मैच खेलकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर सके। प्रथम स्थन पर रही टीम पेंड्रा को प्रथम पुरस्कार 1 लाख 50 हजार रु व ट्रॉफी, टीम रानीबछाली को द्वितीय पुरूस्कार, 1 लाख रु व ट्रॉफी, तृतीय टीम मुंगेली को 71 हजार रु व ट्रॉफी दिया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक एम सिंह, नारायण यादव, आशीष मिश्रा, सावित्री जायसवाल, सरिता सिदार, शितिपाती साहू, पीलू पारकर, हर्बन्स कस्तूरिया, प्रियंका सिंह, चमेली शर्मा, भुवन श्रीवास, मनोज पाण्डेय सहित अन्य थे।

खबर संक्षेप

दामापुर में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा 7 से



मुंगेली। तम्बोली परिवार दामापुर द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 7 से 16 मई तक पुराना बस स्टैण्ड स्थित सामुदायिक भवन में किया जा रहा है। कथा वाचक पं. मनोज शर्मा भंडारपुर खैरागढ़ वाले है। महापुराण के मुख्य यजमान प्रदीप उमा तम्बोली, जगदीश श्रीमती शा तम्बोली एवं संजय श्रीमती ममता तम्बोली रहेंगे। परायण सुबह 7 बजे से 11 बजे तक एवं कथा प्रवचन दोपहर 2 बजे से हरिकृपा तक किया जायेगा।

पौनी में भक्त माता कर्मा जयंती कल

मुंगेली। ग्राम पौनी में भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन 6 मई बुधवार को किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद लखन लाल साहू करेंगे। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले, छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोजन के पूर्व अध्यक्ष थानेश्वर साहू रहेंगे।

स्नेक रेस्क्यू टीम का गठन हेल्पलाइन नंबर जारी

मुंगेली। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में घरों और आसपास निकलने वाले सर्प के रेस्क्यू के लिए वन विभाग द्वारा सर्प बचाव दल का गठन किया गया है। साथ ही हेल्पलाइन नम्बर 6263452782, 9981439989, 9669049793 और 9285442276 जारी किया गया है, जिसमें कॉल कर आवश्यक सहायता के लिए त्वरित जानकारी दे सकते हैं। हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से प्राप्त जानकारी पर सर्प पकड़ने के लिये रेस्क्यू टीम को संबंधित जगहों पर भेजा जाएगा।

बोडतरा-पथर्रा सड़क के लिए 35 करोड़ स्वीकृत

लोरमी। क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने ग्रामीण अंचल के महत्वपूर्ण सड़क के लिए कार्यादेश जारी करवाकर बड़ी सौगात प्रदान किया है। अरुण साव ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग थी,जिसका आज लोकनिर्माण विभाग ने कार्यादेश जारी किया है। जल्द ही इसका निर्माण कार्य प्रारंभ होगा,जिसके बाद ग्रामीणों को राहगीरों को सफर आसान होगा। उन्होंने कहा कि यह भरोसे की भाजपा सरकार है,जो कहती है,जो धरातल पर दिखती है। क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसर नही छोड़ा जायेगा। जानकारी के अनुसार छग लोकनिर्माण विभाग ने प्रमुख अभियंता ने ग्राम बोडतरा पथर्रा राम्हेपुर डिंडौरी मार्ग का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का निर्माण कार्य 34 करोड़ 60 लाख 86 हजार का कार्य आदेश जारी किया गया। गौरतलब है,की यह सड़क वनाचंल के साथ क्षेत्र की बड़ी ग्रामीण अंचल के लिए लाईफ लाईन मानी जाती है। जिसके कार्यादेश जारी होने से बड़ी सौगात क्षेत्रवासियों को मिल रहा है। यह सडक से व्यपार के साथ किसानो को लाभ पहुचायेगी। यह सड़क आगे पंडरिया ब्लाक के सुदूर वनाचंल को मुंगेली जिला को भी जोड़ता है।

दसवीं में गीतांजली और बारहवीं में लक्ष्मीन पटेल ने किया विद्यालय टॉप

नेहा पब्लिक स्कूल के टॉपर्स करेंगे हवाई यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोरमी

दूरस्थ अंचल ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने वाले नेहा पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छीतापार के बच्चों ने हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता की नई ऊंचाई को छुआ है। इस वर्ष बारहवीं एवं दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। जिसमें कई विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी के साथ उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

विद्यालय के कक्षा दसवीं की छात्रा गीतांजलि पटेल ने 93.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं धन कुमारी ने 81.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान और अरुण पटेल ने 79.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है वहीं कक्षा 12 वीं में लक्ष्मी पटेल ने 79.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान एवं हनी पटेल 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा नम्रता कोसले ने 70.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किए है। प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे डॉक्टर, प्राध्यापक और उच्च अधिकारी बनना चाहते हैं। इस वर्ष कक्षा दसवीं में कुल चालीस बच्चे पंजीकृत रहे जिसमें से चौबीस बच्चे प्रथम श्रेणी तथा ग्यारह बच्चे द्वितीय श्रेणी से पासहुए और तीन बच्चे परीक्षा में अनुपस्थित रहे। इसी तरह कक्षा बारहवीं में कुल बारह बच्चे पंजीकृत रहे जिसमें से 9 बच्चे प्रथम श्रेणी तथा तीन बच्चे द्वितीय श्रेणी से पास हुवे। इस प्रकार इस सत्र विद्यालय का शत प्रतिशत शानदार परिणाम रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक सुनील लहरें, प्राचार्य अजय टंडन एवं समस्त स्टाफ ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए है। शाला के संचालक सुनील लहरे ने कहा कि यह परिणाम विद्यालय की गुणवत्ता अनुशासन और निरंतर प्रयासों का प्रमाण है जो शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग से सफलता मिली है। बेहतर परिणाम से अभिभावक बच्चे शिक्षक और क्षेत्रवासी में हर्ष और खुशी का माहौल बना हुआ है। विद्यालय संचालक ने की घोषणा बच्चों को कराएंगे हवाई यात्रा। विद्यालय के संचालक सुनील लहरे ने पहले से घोषणा कर रखा था कहा था कि जो बच्चे अस्सी प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित करेंगे उन्हें हवाई यात्रा कराएंगे । इस बात से बच्चे बहुत ही ज्यादा उत्साहित हैं क्योंकि बच्चे ग्रामीण क्षेत्र के है जो कभी हवाई यात्रा नहीं किया है।

सशिमं सकरी का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

सकरी। सरस्वती शिशु मंदिर सकरी ने इस वर्ष आयोजित बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। विद्यालय का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं के परिणामों में छात्रा श्रेया वासुदेव ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसके साथ ही कुमारी सुष्मिता रात्रे ने 89.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि कुमारी अनामिका निर्मलकर ने 88.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों ने नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन के माध्यम से यह उपलब्धि हासिल की। इसी प्रकार कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में भविष्य नवरंग ने 91.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुमारी काव्या प्रजापति ने 85.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, वहीं कुमारी सुजिता साहू ने 82.66 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने न केवल समग्र परिणाम में बेहतर प्रदर्शन किया, बल्कि विषयवार भी उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। विशेष रूप से काव्या प्रजापति ने गणित विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

88 प्रतिशत अंक के साथ समृद्धि का शानदार प्रदर्शन

सीपत। मेहनत, आत्मविश्वास और लगन के बल पर आदर्श इंदिरा बाल मंदिर की छात्रा समृद्धि सूर्यवंशी ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में 88% अंक हासिल कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। ये सीपत की दगाराम सूर्यवंशी की पुत्री है। खास बात यह है कि समृद्धि ने बिना किसी कोचिंग के यह मुकाम हासिल किया, जो उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और अनुशासन का प्रमाण है। समृद्धि की इस उपलब्धि से न

आदर्श विद्यालय की छात्रा अनामिका को मिला नगर में प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिल्हा

विगत दिनों छग माशिमं द्वारा घोषित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम में नगर के आदर्श उ.मा.वि. बिल्हा के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। घोषित परिणाम में कक्षा 12वी के परीक्षा में सम्मिलित 27 ने प्रथम श्रेणी, 21 द्वितीय श्रेणी एवं 25 ने तृतीय श्रेणी के अंक अर्जित किये।

इसी प्रकार कक्षा 10वी में 35 प्रथम श्रेणी, 21 द्वितीय श्रेणी एवं 17 ने तृतीय श्रेणी के अंक अर्जित किया। उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में कक्षा 10वी के अनामिका वैष्णव ने 96.16 प्रतिशत अंक अर्जित कर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किये, अदिति यादव 92.83 प्रतिशत, किरन यादव 92.33 प्रतिशत, वेदांत उपाध्याय 91.83 प्रतिशत, रूबी चतुर्वेदी 88.83 प्रतिशत, दीक्षां राज 88.33 प्रतिशत, रिया यादव 85.16 प्रतिशत, यश बंजारे 83.33 प्रतिशत, मुकेश बंजारे 81.16 प्रतिशत एवं कक्षा 12वी से योगेश निषाद ने 82.20 प्रतिशत, वंदना राजपूत ने 81.8 प्रतिशत, रिया यादव 79.4 प्रतिशत, संजना यादव ने 79.4 प्रतिशत, सौम्या डहरिया 78 प्रतिशत, खुशी माण्ड्रे 78 प्रतिशत, लालू प्रसाद यादव 78 प्रतिशत अंक अर्जित किया। छात्र-छात्राओं के इस सफलता पर विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव अशोक शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य शबी.के. पात्रे, उप-प्राचार्य हरिवंश उपाध्याय एवं आर.डी. मानिकपुरी सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

टॉपर्स के सम्मान में निकला रोड शो

सीपत। कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 97.67 प्रतिशत अंक हासिल कर छत्तीसगढ़ की प्रावीण्य सूची में 9वां स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सीपत की छात्रा माही कश्यप के सम्मान में रविवार को सीपत में उत्सव का माहौल देखने को मिला।

टॉपर विद्यार्थियों के रोड शो ने पूरे क्षेत्र को गौरव और खुशी से भर दिया। खुली कार में सवार होकर माही कश्यप के साथ अन्य मेधावी छात्राएं गौरी साहू दर्राभाठा 95.16 प्रतिशत, आंचल साहू गुड़ी 94.63 प्रतिशत, संजना कौशिक सीपत 92 प्रतिशत नगर भ्रमण पर निकलीं। रोड शो में थाना चौक, बस स्टैंड व नवाडीह चौक होते हुए नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर टॉपर्स का भव्य स्वागत किया, वहीं पटाखों और लड़ी फोड़कर खुशी का इजहार किया गया। डीजे की धुन पर विद्यार्थी झूमते नजर आए और पूरे रास्ते उत्सव जैसा माहौल बना रहा। टॉपर छात्रों को देखने के लिए सड़कों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे यह आयोजन किसी विजय जुलूस से कम नहीं लगा।

जेसीज की छात्रा निधि का उत्कृष्ट प्रदर्शन

मुंगेली। जेसीज पब्लिक हायर सेकण्डरी स्कूल की छात्रा निधि मल्लाह ने कक्षा 5वीं में उत्कृष्ट अंक अर्जित की है। उन्होने कक्षा 5वीं में 89.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल सहित नगर एवं अपने परिवार का नाम रोशन की है। कु. निधि मल्लाह को उनके शिक्षक एवं माता-पिता ने मिठाई खिलाकर बधाई दी और सम्मानित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कु. निधि मल्लाह शुरू से ही मेधावी छात्रा है, उन्होने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षक एवं माता-पिता को दिया है।

करिश्मा को मिला 97.83 प्रतिशत अंक

मस्तूरी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से घोषित हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में शासकीय हाई स्कूल ईटावा की छात्रा करिश्मा पटेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 97.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। करिश्मा अनुराधा चंदराम पटेल की पुत्री हैं। इसी तरह सरस्वती शिशु मंदिर में अध्यनरत छात्र ग्राम किरारी के स्वप्निल यादव ने कक्षा दसवीं में 95.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान एवं संत जोसेफ उच्चतर माध्यमिक शाला भनेशर में अध्यनरत छात्र गौरव पटेल ने कक्षा 12वीं में 95 फीसदी अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

निशा ने विद्यालय व ग्राम का नाम किया गौरवान्वित



मल्हार। शासकीय कन्या शाला पचपेड़ी की छात्रा निशा पाटले ने कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं ग्राम केवतरा का नाम गौरवान्वित किया है।

निशा पाटले शेर सिंह पाटले एवं माता आशा पाटले की सुपुत्री हैं। उनकी इस उत्कृष्ट सफलता पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं ग्रामवासियों में हर्ष का वातावरण है। निशा पाटले ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व शिक्षकों को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन, सहयोग और आशीर्वाद के बिना यह सफलता संभव नहीं थी। विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों ने निशा की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि निशा की मेहनत, अनुशासन एवं लगन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। ग्राम केवतरा के जनप्रतिनिधियों एवं परिजनों ने कहा कि निशा ने अपने परिवार और क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

कुकदा हाई स्कूल की छात्रा शालिनी ने का शानदार प्रदर्शन

खम्हरिया। क्षेत्र की होनहार छात्रा कुमारी शालिनी पत्रवानी ने 10वीं बोर्ड परीक्षा हाई स्कूल कुकदा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 89.36 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शालिनी पतवानी ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर यह सफलता हासिल की। उनके इस परिणाम से स्कूल में खुशी का माहौल है और शिक्षक व परिजन गर्व महसूस कर रहे हैं। शालिनी की सफलता पर उनके माता-पिता बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि बेटे की मेहनत रंग लाई है। वहीं विद्यालय के शिक्षकों और प्रबंधन ने भी शालिनी पतवानी की सराहना करते हुए इसे पूरे स्कूल के लिए गौरव का क्षण बताया। शालिनी पतवानी ने नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को अपनी सफलता का मुख्य कारण बताया। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी मेहनत और अनुशासन के साथ पढ़ाई करने की सलाह दी।

शत-प्रतिशत रहा डांडगांव स्कूल का परिणाम

मुंगेली। हायर सेकेंडरी स्कूल डांडगांव का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। वार्षिक परीक्षा 2026 में एम 90 प्लस लक्षित उद्देश्य को ध्यान में रखकर के अध्यापन कार्य कराया गया। जिनमें विद्यालय में हायर सेकेंडरी परीक्षा 12वीं में शत प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10 वीं में परिणाम 91.66 प्रतिशत रही। जिनमें कु. रागनी 90.16 प्रतिशत से कक्षा दसवीं में सर्वाधिक अंक से विद्यालय में प्रथम व राधिका भार्गव 90 प्रतिशत से द्वितीय स्थान हासिल किया। कक्षा 12वीं में 88.8 प्रतिशत से खुशी भार्गव प्रथम स्थान अर्जित किया। आंचल 88 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान में रहे। बच्चों के उत्कृष्ठ प्रदर्शन में प्राचार्य बीपी पाली, एसएस पोर्ते, एलके खांडे, एमआर चंद्राकर, एसडी बांधले, शैलेन्द्र रात्रे, शैलेश कुमार, पीके बंजारे आदि ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

साधारण परिवारों की असाधारण बेटियां: तीन बालिकाओं ने राज्य स्तर पर बनाई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोरमी

■ चयन स्वर्गीय बीआर यादव राज्य प्रशिक्षण केंद्र, बहतराई (बिलासपुर) स्थित आवासीय कबड्डी अकादमी में वर्ष 2026-27 के लिए हुआ है

क्षेत्र के तीन होनहार बेटियों ने राज्य स्तर पर अपनी जगह बनाकर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की पहल विकासखंड के ग्राम डिंडोरी की तीन होनहार बेटियों सोनम कैवर्त, श्वेता भास्कर और स्वाति पट्टा ने कबड्डी में राज्य स्तर पर चयनित होकर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है।

सीमित संसाधनों और साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद इन बेटियों ने अपने दृढ़ संकल्प, अनुशासन और कठोर परिश्रम से यह मुकाम हासिल किया है। इनके माता-पिता कृषि और मजदूरी से जीवनयापन करते हैं, लेकिन आर्थिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपनी बेटियों के सपनों को कभी थमने नहीं दिया। इन तीनों खिलाड़ियों का चयन स्वर्गीय बीआर यादव राज्य प्रशिक्षण केंद्र, बहतराई (बिलासपुर) स्थित आवासीय कबड्डी अकादमी में वर्ष 2026-27 के लिए हुआ है। यह चयन केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि ग्रामीण और जनजातीय अंचलों में छिपी प्रतिभा का प्रमाण है। अकादमी में चयनित खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्हें सुरक्षित और व्यवस्थित आवास, संतुलित आहार, आधुनिक खेल सामग्री और एनआईएस प्रशिक्षित अनुभवी कोचों का मार्गदर्शन मिलेगा। साथ ही पढ़ाई जारी रखने की सुविधा भी उपलब्ध होगी, जिससे उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। खिलाड़ियों की फिटनेस और स्वास्थ्य के लिए विशेषज्ञ फिजियोथेरेपिस्ट की सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी।

यह सफलता जिले के अन्य युवाओं, विशेषकर बालिकाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह दर्शाता है कि यदि अवसर और मार्गदर्शन मिले, तो ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं।

ग्राम बिनैका में गहराया जल संकट

मल्हार। ग्राम पंचायत डंगनिया के आश्रित ग्राम बिनैका में इन दिनों भीषण पेयजल संकट बना हुआ है। गांव के लगभग 40 से 50 घरों के लोग रोजाना 1 से 2 किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं।

बिनैका गांव की स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि पूरा मोहल्ला एकजुट होकर अपनी शिकायत लेकर जनपद सदस्य के घर पहुच गए जहां ग्रामीणों ने अपनी समस्या खुलकर बताई और जल्द समाधान की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि पानी के लिए रोजाना लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे समय और श्रम दोनों की भारी बर्बादी हो रही है। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जनपद पंचायत सदस्य ज्वाला प्रसाद बंजारे ने संबंधित विभाग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने ग्राम बिनैका में नलकूप खनन बोरिंग कर पेयजल की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की ताकि ग्रामीणों को जल्द राहत मिल सके। जनपद सदस्य ने कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल कार्यवाही करने की मांग की है, जिससे ग्राम बिनैका के लोगों को इस भीषण जल संकट से निजात मिल सके।

मस्तूरी क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद प्रेम ही मेरी असली पूंजी: लहरिया

पॉलिटिक्स प्लस

सीपत। मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिलीप लहरिया का जन्मदिन रविवार को बड़ी हर्षोल्लास के साथ उसके राजकिशोर नगर स्थित कार्यालय में मनाया गया। सुबह से ही क्षेत्र के कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी तथा ग्रामीणजन बधाई देने पहुंचे और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का तांता लगा रहा। क्षेत्र के विभिन्न अलग-अलग गांव से नेताओं ने कार्यकर्ताओं के साथ फूलमाला, गुलदस्ते और केक लेकर विधायक को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। लहरिया ने अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मस्तूरी क्षेत्र के जनता का प्रेम आशीर्वाद ही मेरी असली कमाई हुई पूंजी है। इस पूंजी को मैं जीवन भर सहेज कर रखूंगा। इस अवसर पर भोलाराम साहू संतोष दुबे चित्रकांत श्रीवास मेघनाथ खांडेकर लखन टंडन राकेश शर्मा द्वारिका साहू भारत खांडेकर देवी कुर्रे देवेंद्र पटेल राकेश लैहर्षण नेत्र टंडन पिंटू जांगड़े श्याम कार्तिक सूर्यवंशी विक्रम सूर्यवंशी दिलीप मनेवार वृंदा सूर्यवंशी पंकज राठौर अनिमेष गहवई प्रवीण शर्मा विनोद राठौर विवेक श्रीवास द्वारिका लास्कर गंगाधर रामेश्वर धीवर दीपक यादव दीपक क्षत्री विनोद सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

कार्यालय रा.नि.म. पेण्डारी, तह सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
सीमांकन / स्थल निरीक्षण सूचना

प्रति, दिनांक 30/04/2026
सर्वश्री / श्रीमती 1. आवेदक संजय यादव/ अधीनराम यादव 2. चिरंजीवी शर्मा 3. जोहितराम 4. पूरीराम 5. कृष्ण कुमार 6. नरेन्द्र 7. विमलेश अग्रवाल 8. बलदाऊ 9. अन्य हितबद्ध पक्षकार
विषय :- सीमांकन / स्थल निरीक्षण में उपस्थित रहने बाबत।
संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार सकरी के ज्ञापन दिनांक 20/02/2026

संदर्भित विष्यांतर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम परसदा प.ह.नं.47 रा.नि.मं. पेण्डारी तह.सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा नं. 726, 729 रकबा 0.226, 0.040 एकड़/हेक्टेयर भूमि स्वामी संजय यादव पिता/पति अधीनराम यादव के द्वारा सीमांकन/स्थल निरीक्षण दिनांक 05/05/2026 को लगभग 12:00 बजे किया जावेगा।

अतः आप समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. पेण्डारी, तह.सकरी

कार्यालय रा.नि.म. पेण्डारी, तह सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
सीमांकन / स्थल निरीक्षण सूचना

प्रति, दिनांक 30/04/2026
सर्वश्री / श्रीमती 1. मोहम्मद नूर (मोहम्मद सिद्धीकी) 2. अराधना 3. उषा यादव 4. अभिषेक 5. पूर्णिमा 6. खरे 7. अन्य हितबद्ध पक्षकार
विषय :- सीमांकन / स्थल निरीक्षण में उपस्थित रहने बाबत।
संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार सकरी के ज्ञापन दिनांक 23/03/2026

संदर्भित विष्यांतर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम परसदा प.ह.नं.47 रा.नि.मं. पेण्डारी तह.सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा नं. 295/2, 297, 298/2, 298/3, 315/22, 295/5, 298/4, 315/23, 290 रकबा 0.008, 0.289, 0.323, 0.178, 0.222, 0.028, 0.405, 0.162, 0.164, 0.166 एकड़/हेक्टेयर भूमि स्वामी मोहम्मद नूर पिता/पति मोहम्मद सिद्धीकी के द्वारा सीमांकन/स्थल निरीक्षण दिनांक 05/05/2026 को लगभग 10:00 बजे किया जावेगा।

अतः आप समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. पेण्डारी, तह.सकरी

समक्ष अनुविभागीय अधिकारी महोदय बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
शपथ-पत्र

मैं भगत राम धीवर पिता बेदराम धीवर उम्र 43 वर्ष निवासी बस्तीपारा, ग्राम सेमरताल, तहसील व जिला बिलासपुर (छ0ग0) का स्थायी निवासी हूं, जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं:-
1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी है।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड नंबर 6020 6298 1866 है, जिसमें पूर्व में मेरा नाम भगत राम धीवर था।
3. यह कि मेरा आधार कार्ड नं 6020 6298 1866 है, जिसको अपडेट कराने के बाद मेरा नाम भगत राम धीवर के स्थान पर सुघेराम पिता नैंनू केसली गोडान केशाली गोदन पंडरिया, कवर्धा (छ0ग0) हो गया है, जो कि असत्य है।
4. यह कि मैं उक्त कथन के समर्थन में यह शपथ पत्र अनुविभागीय अधिकारी बिलासपुर के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।
5. यह कि छत्तीसगढ़ राजपत्र में मेरा नाम भगत राम धीवर पिता बेदराम धीवर उम्र 43 वर्ष निवासी बस्तीपारा, ग्राम सेमरताल, तहसील व जिला बिलासपुर (छ0ग0) प्रकाशन के लिए प्रस्तुत कर रहा हूं।

भगत राम धीवर
शपथकर्ता

//सत्यापन//

मैं भगत राम धीवर उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक में लिखी समस्त जानकारी मेरे व्यक्तिगत जानकारी के आधार पर सत्य व सही है जिसे आज दिनांक 02 .2026 को स्थान बिलासपुर छ0ग0 में पढ़कर, समझकर सही होना मानकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

भगत राम धीवर
शपथकर्ता

कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र बिलासपुर
आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल आवास झल्फा, बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक ई.डब्लू.एस. 18, मूल आबंटी श्री लक्ष्मण दास पिता श्री स्व. बिश्राम दास, को स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 20.04.2011 को पंजीकृत किया गया है। मूल आबंटी उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्री बबलू यादव पिता स्व. श्री संतोष यादव, को विक्रय करना चाहता है। विक्रय अनुमति हेतु हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / शासकीय/ अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मुण्डल
प्रक्षेत्र-बिलासपुर

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी मुंगेली (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./.....बी-121/2025-26
ग्राम खेढ़ा प.ह.नं. 15

एतद् द्वारा ग्राम खेढ़ा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक फागूराम आ. स्व. भदेराम जाति तेली निवासी खेढ़ा तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम खेढ़ा हल्का नं. 15 तहसील व जिला मुंगेली निवासी अपने पिता भदेराम आ. स्व. बुधराम की मृत्यु/जन्म दिनाँक 04/08/2004 को होने एवं सचिव ग्राम पंचायत खेढ़ा के पंजी में दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनाँक 11/05/2026 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा /आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि को पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनाँक 23/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार कार्यपालिका
मुंगेली

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर
मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भः- जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00030 बिजौर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202526400107700077

ईश्तहार

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00030 के अंतर्गत ग्राम बिजौर के वर्तमान भूमिस्वामी मणिशंकर पिता/पति-चैतराम पता-सा देह भूमि स्वामी राजकुमारी पिता/पति-चैतराम श्यामा पिता/पति-चैतराम पता-सा देह भूमि स्वामी पता-सा. देह भूमि स्वामी सावित्री पिता/पति-चैतराम रविशंकर पिता/पति-चैतराम पता-सा देह भूमि स्वामी पता-सा देह भूमि स्वामी धनैया बाई पिता/पति-चैतराम पता-सा देह भूमि स्वामी शिवकुमारी पिता/पति-चैतराम पता-सा देह भूमि स्वामी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 111/6(0.6070) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सावित्री कौशिक पिता/पति-रविशंकर पता-बिजौर, आराधना पिता/पति-रविशंकर पता-बिजौर, सावित्री पिता/पति-चैतराम पता-बिजौर, मुस्कान पिता/पति-रविशंकर पता-बिजौर, राजकुमारी पिता/पति-चैतराम पता-बिजौर धनैया बाई पिता/पति-चैतराम पता-बिजौर, मधु पिता/पति-रविशंकर पता-बिजौर, श्यामा पिता/पति-चैतराम पता-बिजौर, मणिशंकर पिता/पति-चैतराम पता-बिजौर, मधवी पिता/पति-रविशंकर पता-बिजौर, शिवकुमारी पिता/पति-चैतराम पता-बिजौर के नाम पर पंजीयन फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/05/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/04/2026 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

4 MAY -BSP- pg-7_Layout 1 5/5/2026 1:12 AM Page 1

खबर संक्षेप

आईटीआई कोनी में अप्रेंटिसशिप मेला 11 को

बिलासपुर। आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी के नवीन भवन में 11 मई को सुबह 10.30 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले में जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से विद्युतकार, फिटर, टर्नर, मशीनिष्ट, शीट मेटल वर्कर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, ट्रेक्टर मैकेनिक, प्लम्बर, कोपा एवं वेल्डर के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने सभी दस्तावेजों के साथ शामिल हो सकते हैं।

1975-76 के छात्रों का मिलन समारोह 9 को

बिलासपुर। शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांधी चौक दयालबंद के पूर्व छात्रों 1975 -76 बैच का स्वर्णिम सम्मान सम्मेलन का आयोजन 9 मई शनिवार को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। सम्मेलन का प्रथम चरण विद्यालय के भव्य परिसर में पूरा किया जाना है। मंजीत सिंह अरोरा ने बताया कि यह सम्मेलन कार्यक्रम अपने आप में अनोखा और उल्लेखनीय है, जो आने वाले समय में शाला की प्रतिष्ठा में एक मील का पत्थर साबित होगा। इसका संचालन बिलासपुर के ही पूर्व वरिष्ठ छात्र प्रोफेसर बलबीर सिंग चांवला दीपक लड़ीकार और मंजीत अरोरा द्वारा निर्देशित और संयोजित है। सभी छात्र विद्यालय के यूनिफार्म कोड को फालो या धारण करेंगें। शिक्षकों के सम्मान को अति प्राथमिकता दी जाएगी। इस सम्मेलन का द्वितीय चरण पूर्ण पारिवारिक माहोल में उसी दिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक होटल में सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में होगा। विद्यालय की वर्तमान प्राचार्या चंदना पाल का विशेष योगदान रहेगा।

ऑपरेशन मुस्कान में 579 की दस्तयाबी

बिलासपुर। पुलिस ने एक माह में ऑपरेशन मुस्कान के तहत 69 अपहत बालक/बालिकाओं एवं ऑपरेशन तलाश के तहत 579 अपहत महिला एवं पुरूष को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर के निर्देशानुसार पूरे राज्य में माह अप्रैल, 2026 में ऑपरेशन मुस्कान एवं ऑपरेशन तलाश चलाया गया। बिलासपुर जिले ने इस अभियान में ऑपरेशन मुस्कान के तहत 69 अपहत बालक/बालिकाओं एवं ऑपरेशन तलाश के तहत 579 अपहत महिला एवं पुरूष की दस्तयाबी कर बेहतरीन सफलता अर्जित की। बिलासपुर जिले में एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देशन पर इस अभियान के तहत जिले में बालक/बालिकाओं एवं महिला/पुरूष के लंबित सभी प्रकरणों की स्वयं समीक्षा की एवं समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी को संवेदनशीलता पूर्वक प्रत्येक प्रकरण की विवेचना एवं विश्लेषण उपरांत दस्तयाबी करने कड़े निर्देश दिए। तकनीकी सहयोग एवं मुखबिर तंत्र को स्ट्रांग किया गया।

इस व्यापारिक परिसर में आज भी सड़कें टूटी हुई हैं, नालियाँ उफन रही हैं और चेंबर खुले पड़े हैं

करोड़ों का रोजाना कारोबार, 25 साल बाद भी व्यापार विहार मंडी बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ का दूसरा सबसे बड़ा शहर और संभाग का सबसे बड़ा थोक व्यापार का प्रमुख केंद्र व्यापार बिहार 25 साल बाद भी विकास की राह देख रहा है। सन 2000 में स्थापित इस व्यापारिक परिसर में आज भी सड़कें टूटी हुई हैं, नालियां उफन रही हैं और चेंबर खुले पड़े हैं। हाल यह है कि जहां से रोजाना करोड़ों रुपए का व्यापार होता है, वहां की बुनियादी सुविधाएं आज भी 'वादा' बनकर अटकी हुई हैं। हालांकि व्यापारियों की मांग के बाद निगम ने एस्टीमेट बनाकर काम शुरू करने का आश्वासन दिया है

व्यापार बिहार व्यापारी संघ के अध्यक्ष नानक खडुजा ने कहा कि व्यापार बिहार की हालत वर्षों से बदहाल है। उन्होंने कहा कि 2000 में बाजार बना था, लेकिन तब से अब तक सड़कें टूटी पड़ी हैं, नालियाँ और चेंबर खुले हुए हैं। ट्रॉली और ठेलों के पलटने से छोटे-बड़े हादसे रोज होते हैं। कई बार फोटो और वीडियो के साथ ज्ञापन दिया गया लेकिन प्रशासन केवल दिखावा करता है। अगर अब भी सुधार नहीं हुआ, तो व्यापारी मजबूर होकर सड़क पर उतरेंगे। व्यापारियों ने बताया कि जर्जर सड़कों और टूटी नालियों से लेकर बिजली की कमी तक, व्यापारी रोजाना परेशान हैं। बारिश के दिनों में हालात और भी खराब हो जाते हैं सड़कें तालाब में बदल जाती हैं।

कर और टैक्स बढ़ाए गए, सुविधाएं शून्य

व्यापारियों के अनुसार यहां व्यापार से जुड़ी हर समस्या वर्षों से लंबित है। उन्होंने कहा कि हम हर बार उम्मीद लेकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के पास जाते हैं, लेकिन जवाब केवल आश्वासन का मिलता है। कर और टैक्स बढ़ रहे हैं, मगर सुविधाएँ शून्य हैं। अब व्यापारी थक चुके हैं और ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। संघ की ओर से कहा गया कि कुछ दिन पहले व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल महापौर से मिलने गया था।महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने इसके बाद अधिकारियों को लेकर इस थोक मंडी का निरीक्षण भी किया था।व्यापारियों से चर्चा के बाद एक एस्टीमेट बनाया गया है। मामले में जल्द ही बजट आबंटन होने के बाद सुविधाओं पर काम शुरू होगा।

ट्रांसपोर्ट जोन की जमीन तय

व्यापारियों का कहना है कि मार्केट के विस्तार के लिए ट्रांसपोर्ट जोन की जमीन भी पहले ही तय की गई थी, लेकिन आज तक उसका कोई उपयोग नहीं हुआ। इसके अलावा मंडी में पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने के चलते घरों व दुकानों का गंदा पानी मंडी के मैदान में भर रहा है। गंदे पानी के कारण यहां मक्खी-मच्छरों से डेंगू-मलेरिया फैलने का डर लोगों को सता रहा है। भरे गंदे पानी में अब तक दवा का भी छिड़काव नहीं किया गया है। गंदगी के चलते सब्जी मंडी के दुकानदारों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। दुकानदारों का कहना है कि मंडी के चारों तरफ फैली गंदगी को देखकर ग्राहक भी आने से कतराने लगे हैं।

अधूरा मार्केट, उम्मीदें अधूरी रह गईं

गौरतलब है कि व्यापार बिहार में हजारों व्यापारी और ट्रांसपोर्टर रोज कारोबार करते हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की हालत बद से बदतर है। सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, नालियां जाम हैं, लाइटें खराब हैं और सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। व्यापारी कहते हैं कि कर वसूली में निगम सबसे आगे है, लेकिन विकास के कामों में सबसे पीछे।

सुविधाओं पर दिया जा रहा ध्यान

व्यापार विहार सब्जी मंडी में सुविधाओं पर ध्यान दिया जा रहा है। व्यापारियों की मांग के हिसाब से सड़क, नाली पानी का निर्माण किया जा रहा है। सबसे अधिक ध्यान सफाई पर है। नाली का काम जारी है। सड़क का डामरीकरण अलग से होगा।

- पूजा विधानी,
महापौर

चावल लेने से चूके हितग्राहियों को मिला एक और मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीपीएल श्रेणी के ऐसे हितग्राही जिन्होंने किसी कारणवश अपना तीन महीने का चावल नहीं उठाया था, अब वे मई महीने में भी अपना चावल उठा सकेंगे। शासन द्वारा इस श्रेणी के हितग्राहियों को इस महीने खाद्यान्न उठाव की छूट प्रदान की गई है।

- **बीपीएल श्रेणी के ऐसे हितग्राहियों को मई में भी मिलेगा तीन महीने का चावल**

शासन द्वारा बीपीएल श्रेणी के हितग्राहियों को अप्रैल से जून तक एकमुश्त तीन महीने का खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले के कुल 5 लाख 56 हजार 463 राशन कार्डधारियों में से 90.86 प्रतिशत हितग्राहियों द्वारा अपने तीन महीने का खाद्यान्न उठाव कर लिया गया है। इसके विपरीत जिन हितग्राहियों ने किसी कारणवश अपना खाद्यान्न नहीं उठाया है, उन्हें अब शासन द्वारा मई महीने में भी उठाव का एक अवसर प्रदान किया गया है।

खाद्य विभाग के अनुसार खाद्यान्न का शत प्रतिशत उठाव तो किसी भी महीने में नहीं किया जाता है। जिले में खाद्यान्न उठाव का अधिकतम प्रतिशत 91 तक ही है। ऐसे में बीपीएल श्रेणी के खाद्यान्न उठाव नहीं करने वाले हितग्राहियों की संख्या केवल 0.28 प्रतिशत ही शेष है। पूरी संभावना है कि इन हितग्राहियों के द्वारा अपने खाद्यान्न का उठाव अतिशीघ्र कर लिया जाएगा।

एपीएल के लिए कोई छूट नहीं

शासन द्वारा बीते माह का चावल इस माह उठाव करने की दी गई छूट केवल बीपीएल श्रेणी के हितग्राहियों को ही दी गई है। इसके अंतर्गत यह लाभ एपीएल कार्डधारियों को नहीं दिया जाएगा। अप्रैल में खाद्यान्न का उठाव नहीं करने वाले एपीएल श्रेणी के कार्डधारियों का कोटा अब लैप्स हो चुका है, जिससे वे फिलहाल केवल मई महीने का खाद्यान्न उठा सकेंगे।

स्वीकृति प्रदान की गई है

बीपीएल श्रेणी के ऐसे हितग्राही, जिन्होंने किसी कारणवश अप्रैल में अपना तीन महीने का खाद्यान्न उठाव नहीं किया था। शासन द्वारा उन हितग्राहियों को एक और अवसर प्रदान करते हुए मई महीने में भी खाद्यान्न उठाव की स्वीकृति प्रदान की गई है।

-अमृत कुजूर,
खाद्य नियंत्रक

अब घर बैठे मिलेगा बिजली कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी जा रही है,नया कनेक्शन के लिए बार-बार दफ्तर जाने के झंझट से निजात मिल सकेगी। ऑनलाईन प्रक्रिया को पूरी तरह से सुगम बना दिया है। अब घर बैठे ही कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल ऐप के माध्यम से नए बिजली कनेक्शन लिया जा सकेगा।

बिजली कंपनी ने उपभोक्ताओं की सेवा में विस्तार करते हुए नए विद्युत कनेक्शनों के आवेदन प्रक्रिया को पूर्णतः ऑन लाइन कर दिया है। नए कनेक्शन के लिए अब अधिकारियों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। मोर बिजली एप व कॉमन सर्विस सेंटर से सीधे आवेदन किया जा सकेगा।

जिन आवेदक ने भौतिक रूप से कार्यालय में आवेदन दिया है, उनके आवेदनों को ऑन लाइन करने के बाद ही कनेक्शन मिल सकेगा। कार्यपालक निदेशक एके अम्बस्थ ने कहा कि विद्युत कनेक्शनों के आवेदन पंजीकरण ऑनलाइन ही किए गए है। इससे लोगों को सहुलियत होगी।

3 माह में नहीं लग सका ट्रांसफार्मर

जहां एक ओर घर बैठे कनेक्शन देने की बात कह रहा है, वहीं आम उपभोक्ताओं को अभी भी चक्कर लगाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला खमतराई क्षेत्र में सामने आया है, जहां ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए उपभोक्ता क्रमांक 1002985940 ने 3माह पहले ही आवेदन कर दिया है लेकिन अब तक उपभोक्ता के परिसर में ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जा सका है, वहीं 25 केवी का ट्रांसफार्मर अबतक खराब है, जिसके बार -बार बनाने की आवश्यकता हो रही है। ऐसा ही वाक्या हाल ही में सकरी क्षेत्र में सामने आया था, जब थ्री फेस कनेक्शन के लिए चालान पटाने के 1 हफ्ते बाद भी कनेक्शन नहीं लगाया गया था।

सोंठी समाधान शिविर में 66 आवेदनों का मौके पर निराकरण

बिलासपुर। मस्तूरी विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल प्रांगण सोंठी में आयोजित समाधान शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 144 आवेदनों में से 66 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया। शेष आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को समयसीमा निर्धारित की गई। शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आमजनों को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही, विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित करते हुए चेक, स्वीकृति आदेश एवं आवश्यक दस्तावेज वितरित किए गए। शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष सरस्वती सोनवानी, जनपद सदस्य लक्ष्मीन पोर्ते, सरपंच सोंठी नीमा वस्त्रकार, एसडीएम शिवकुमार कंवर, सीईओ मस्तूरी जे.आर. भगत भी शामिल हुए। शिविर में महिला बाल विकास विभाग द्वारा 5 छात्रों काव्या, इशिका, स्मृति, हितेश और अंश को 6 वर्ष पूर्ण कर शाला प्रवेश करने पर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत तीन हितग्राहियों के खाते भी खोले गए।

हेमूनगर में सड़क पर फैला नाली का कीचड़।

ग्रामीणों की बैठक लेकर बीट आरक्षकों की कार्य शैली की दी गई जानकारी

बिलासपुर। सीएसपी ने सिरगिट्टी क्षेत्र के ग्राम बन्नाकडीह व धूमा में ग्रामीणों की बैठकर लेकर बीट आरक्षकों का परिचय बताया गया और उनके कार्य शैली की विस्तृत से जानकारी दी गई। पुलिस संबंधी कोई भी समस्या होने पर बीट प्रभारी से संपर्क करने को कहा गया है।

सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने क्षेत्र के बन्नाकडीह व धूमा में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों व ग्रामीणों की बैठक आयोजित कर ग्रामीणों से बीट आरक्षकों का परिचय कराया। उन्हें जानकारी दी गई क्षेत्र में होने वाले पुलिस संबंधी कोई भी शिकायत होने पर संबंधित बीट प्रभारी से किया जाएगा। उनकी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाएगा। अवैध गतिविधियों की जानकारी होने पर संबंधित बीट आरक्षकों को सूचित किया जाएगा। अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। ग्राम धूमा के ग्रामीणों के द्वारा सार्वनजिक स्थान पर नशाखोरी करने की शिकायत की गई। श्री परिहार ने बीट प्रभारी आरक्षक को नशाखोरी करने वालों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

चकरभाठा में दो लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

चकरभाठा टीआई भावेश शेंडे बीट प्रणाली के तहत ग्राम छतौना में चलित थाना / जन चौपाल लगाकर साइबर फ्राड, यातायात, महिला बच्चों से संबिधित मामले के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं संभावित विवाद / मारपीट की घटनाओं की रोकथाम के लिए ग्रामीणों के द्वारा शिकायत पर उनके द्वारा अंकित सोनी पिता हरिओम सोनी 28 साल, उदय कुमार उईके पिता उमाशंकर 21 साल नयापारा निवासी को पकड़कर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कोर्ट में पेश किया गया है।

विश्व अस्थमा दिवस

05 May
WORLD ASTHMA DAY

विश्व अस्थमा दिवस हर साल मई के पहले मंगलवार को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य अस्थमा (श्वसन रोग) के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर अस्थमा द्वारा आयोजित यह दिवस, सांस की नली में सूजन से संबंधित इस पुरानी बीमारी के उचित उपचार और प्रबंधन पर जोर देता है। यह 262 मिलियन से अधिक लोगों को प्रभावित करती है।

प्रदेश का एकमात्र श्वास एवं छाती रोग अस्पताल...
WASUDEO CLINIC
वासुदेव क्लीनिक
हर सांस का ख्याल रखते है हम आपका...
डॉ. अखिलेश देवरस
एम.बी.बी.एस., डी.टी.सी.डी., डी.एन.बी., एफ.सी.जी.पी.
कंसल्टेन्ट एलजी, छाती, दमा, टी.बी. एवं मेडिसिन विशेषज्ञ
जाँच उपलब्ध
✦ दूरबीन द्वारा फेफड़े की जॉच, ब्राकोस्कोपी ✦ ई.सी.जी. ✦ ऑक्सीजन थैरेपी
✦ पाली सोनोग्राफी-स्लीप स्टडी ✦ एलर्जी टेस्टिंग ✦ कम्प्यूटराईज्ड पी.एफ.टी.
उपलब्ध सुविधाएं
- 24X7 घंटे भर्ती सुविधा
- (प्राईवेट रूम, वीआईपी रूम)
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर
- गहन चिकित्सा इकाई (MICU) अत्याधुनिक
- नान इनवेसिव वेन्टीलेशन (Bubble Cpap मशीन द्वारा)
- कृत्रिम श्वसन यंत्र (Ventilator)
- शिशु रोग व सॉस से संबंधित बीमारी का ईलाज
- फेफड़े में पानी तथा मावद का ईलाज
- समुचित दमा एवं एलर्जी नियंत्रण
- छाती दर्द की जाँच व निदान
- टी.बी. का व्यापक ईलाज
- पल्मोनरी रिहब्लीटेशन प्रोग्राम
- खरांटे तथा नींद संबंधी बिमारियों की जांच व निदान
- एक्स-रे विसंगतिया व निदान
- एक्स-रे एण्ड फार्मेसी
मिलने का समय: सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक, शाम 4 से रात 8 बजे तक
कोन्हेर गार्डन के पास, मेन रोड, तिलक नगर, बिलासपुर
क्लीनिक 07752-424400, 7702408554

विश्व अस्थमा दिवस पर मुख्य बिंदु
उद्देश्य : अस्थमा की देखभाल, शिक्षा, और इसके प्रति लोगों को सचेत करना।
इतिहास: पहला विश्व अस्थमा दिवस 1998 में बार्सिलोना, स्पेन में आयोजित किया गया था।
अस्थमा के कारण/ट्रिगर: धूल, धुंआ, प्रदूषण, परागकण, पालतू जानवरों की रूसी, और कड़ाके की ठंड या अत्यधिक गर्मी।
लक्षण: सांस फूलना, सीने में जकड़न, खांसी, और घरघराहट।
प्रबंधन: डॉक्टर की सलाह से इनहेलर का सही उपयोग, धूम्रपान से बचना और नियमित जांच।

विश्व अस्थमा दिवस
ALLERGY ASTHMA CENTER
SIHARE CHILDREN HOSPITAL
ALLERGY TEST & IMMUNOTHERAPY
एलर्जी अस्थमा सेंटर
सही पहचान, सही इलाज, बेहतर जीवन
अस्थमा, नाक की एलर्जी, साइनोसाइटिस, पुरानी खांसी, स्किन एलर्जी, फूड एलर्जी, इन्सेक्ट एलर्जी का इलाज, एलर्जी, अस्थमा और रेस्पिरेटरी के स्पेशलिस्ट डॉक्टरों द्वारा किया जाता है।
पहले तो कन्फर्म किया जाता है एलर्जी, अस्थमा या साइनोसाइटिस है या नहीं
इसके अन्तर्गत लगाने वाले सभी टेस्ट यहां उपलब्ध है :
ब्लड टेस्ट, स्पाइरोमेट्री
एलर्जन इम्युनोथरेपी स्पेशलिस्ट द्वारा, सबलिंगुअल व इंजेक्टेबल
इम्पल्स ऑक्सिलोमीटरी, IOS
पीक फ्लो मीटर - बीदोमीटर
एलर्जी टेस्टिंग - स्किन प्रिक टेस्ट, Skin Prick test
ब्लड से एलर्जी टेस्टिंग, फाडियाटॉम, एलर्जन कंम्पोनेंट टेस्ट
किसमें सहायक ?
छींक, नाक बहना, नाक बंद रहना
साइनोसाइटिस, बार-बार जुकाम
बार-बार खांसी, पुरानी खांसी
स्किन एलर्जी, खुजली, दाने
सांस फूलना, घरघराहट, अस्थमा
फूड एलर्जी, इसेक्ट एलर्जी
सिहारे चिल्ड्रन हॉस्पिटल
निराला नगर, बिलासपुर
सम्पर्क:- 07752402888, 9424148888
डॉ. प्रदीप सिहारे
एलर्जी व अस्थमा स्पेशलिस्ट
डॉ. राजीव शिवहरे
डिप्लोमा इन एलर्जी व अस्थमा
सही जांच सही इलाज स्वस्थ जीवन
सटीक डायग्नोसिस | आधुनिक उपकरण | अनुभवी विशेषज्ञ | व्यक्तिगत उपचार योजना

खबर संक्षेप

शादी करने से इनकार पिता पुत्र गिरफ्तार

बिलासपुर। गर्भवती होने पर शादी करने से इनकार कर गाली गलौज करने वाले पिता पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बिल्हा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक नाबलिग को मोढ़हीपार सम्बलुपरी निवासी बलराम साहू 25 साल प्रेमजाल में फंसाकर शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाते रहा। नाबालिग गर्भवती होने पर शादी करने का दबाव बनाया तो युवक ने शादी करने से इनकार कर दिया और उसके पिता बलराम साहू ने पीड़िता के घर जाकर उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी । पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 331, 351, 3, 64, 89 व 6, 3, 5 पाक्सो एक्ट के तहत पिता पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

घर घुसकर शराबियों की दहशतगर्दी, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। घर घुसकर शराबियों ने मचाया दहशतगर्दी और जमकर तोड़फोड़ की। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, लगरा समृद्धि विहार फेस 3 निवासी मंजूषा द्विवेदी 3 मई की रात 11.30 बजे अपने बच्चों के साथ खाना खाकर सो रही थी। उसी दौरान अचानक शटर के गेट में आवाज आने पर वह जागकर देखी तो मोहल्ले के आर्यन सूर्यवंशी, अनुराग सूर्यवंशी लोग शराब पीकर दरवाजे का सांगल तोड़कर अंदर घुस गए और मंजूषा उसके पिता के साथ मारपीट की। पोर्च में रखे स्कूटी, गमला, खिड़की के शीशा में तोड़फोड़कर दी। पुलिस ने मंजूषा की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

पुराने सामान, कबाड़ जलकर राख, जल्द काबू नहीं पाया गया होता तो विवि के अन्य डिपार्टमेंट में फैल सकता था आग

ओयू में आग से मची अफरा-तफरी, फायर बिग्रेड की मदद से पाया गया काबू

कर्मचारियों ने बुझाने का किया प्रयास

यूनिवर्सिटी के कर्मचारी दौड़कर मौके पर पहुंचे और उसके बाद आग को बुझाने के लिए भागदौड़ करने लगे। कर्मचारियों ने यूनिवर्सिटी परिसर के मोटरपंप से पाईप के जरिए आग बुझाने में जुट गए थे। इस दौरान लंच पर जाने के लिए अपने आफिस से निकल रहे यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार चन्द्रभूषण भी आगजनी की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गए थे। इसी बीच पुलिस थाना और फायर बिग्रेड को भी सूचना दे दी गई थी और कुछ देर में फायर बिग्रेड भी मौके पर पहुंच गया और इस तरह आग पर काबू पा लिया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में सोमवार को आग लगने से अफरा-तफरी मच गई, आनन-फानन में यूनिवर्सिटी कर्मचारी मोटरपंप के माध्यम से आग बुझाने का प्रयास करने लगे। सूचना मिलते ही मौके पर फायर बिग्रेड पहुंची, उसके बाद आग पर काबू पाया जा सका।

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में आग लगने की घटना दोपहर करीब ढाई-तीन बजे की है। अचानक यूनिवर्सिटी परिसर में जहां पर पुराना सामान, कबाड़ पड़ा था वहां आग की लपटे, धुआं दिखाई दिया। इसके बाद आग लगने की खबर आग की ही तरह पूरे यूनिवर्सिटी में फैल गई और वहां कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई और वे घटना स्थल की ओर भागने लगे। यूनिवर्सिटी के कर्मचारी जब तक घटना स्थल पर पहुंचे तब तक पुराने सामान, कबाड़, टायर आदि में आग लग चुकी थी और कुछ सामान जल भी गए थे। बताया जा रहा है कि झाड़ियों के जरिए बाहर से आग वहां तक पहुंची जहां यूनिवर्सिटी के कबाड़ पुराने सामान पड़े थे। इसलिए आग लगने से किसी तरह का कोई हताहत नहीं हुआ है और बहुत ज्यादा नुकसान नहीं होना बताया जा रहा है, किन्तु आग पर जल्दी काबू नहीं पाया गया होता तो यह यूनिवर्सिटी परिसर के अन्य डिपार्टमेंट में फैल सकता था।

आग पर काबू पा लिया गया

यूनिवर्सिटी परिसर के बाहर झाड़ियों में आग लगीऔर वहां से झाड़ियों के जरिए परिसर भीतर आग पहुंची होगी। जहां पुराने सामान रखे थे वहां पर आग लग गई थी, जिसे कर्मचारियों ने बुझाने का प्रयास किया, बाद में फायर बिग्रेड के मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

-चन्द्रभूषण मिश्रा, रजिस्ट्रार, ओयू

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के ट्रांसफार्मर का पैनल ब्लास्ट

बिलासपुर। कोनी स्थित मल्टी सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में सोमवार को बड़ा हादसा होने से बच गया। ट्रांसफॉर्मर पैनल में अचानक हुए ब्लास्ट से अस्पताल दहल गया। रूटीन जांच के दौरान हुए हादसे में सीपीडब्ल्यूडी के जूनियर इंजीनियर और अस्पताल का इलेक्ट्रीशियन गंभीर रूप से झुलस गए। अस्पताल में खड़े 108 वाहन के द्वारा तत्काल चिकित्सा सहायता के लिए घायलों को सिम्स पहुंचाया गया।

- जूनियर इंजीनियर व इलेक्ट्रिशियन झुलसे

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में उस समय हर कोई दहल गया जबकि रूटिन चैकअप के दौरान इलेक्ट्रिशियन शिवशंकर कंवर और जूनियर इंजीनियर यश अग्रवाल पैनल में हुए ब्लास्ट के कारण झुलस गए। घटना दोपहर 3 से 4 बजे के बीच की है। बताया जा रहा है कि जूनियर इंजीनियर सीपीडब्ल्यूडी विभाग व इलेक्ट्रिशियन अस्पताल का कर्मचारी है। दोनों ट्रांसफॉर्मर की नियमित जांच के लिए पहुंचे थे। दरअसल उस समय बिजली सप्लाई बंद थी और फॉल्ट जांचने के बाद जैसे ही ट्रांसफॉर्मर को चालू किया गया, अचानक जोरदार धमाका हो गया। विस्फोट इतना तेज था कि आसपास का इलाका गूंज उठा और मौजूद दोनों कर्मचारी चपेट में आकर झुलस गए। घटना के तुरंत बाद दोनों को अस्पताल में ही प्राथमिक उपचार किया गया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. बीपी सिंह ने तत्काल एम्बुलेंस के जरिए सिम्स रेफर किया गया। वर्तमान में दोनों का उपचार सिम्स के कैजुअल्टी वार्ड में जारी है। खासब बात यह है कि इलेक्ट्रिशियन शिवशंकर कंवर हादसे में पूरी तरह से झुलस गया है वहीं जूनियर इंजीनियर हताहत हो चुका है।

रूटीन मेंटनेंस में हुआ हादसा

रूटीन मेंटेनेंस करने आए सीपीडब्लयूडी के जूनियर इंजीनियर और इलेक्ट्रिशियन पैनल में खराबी चैक कर रहे थे, इस दौरान हादसा हुआ है। हमने तत्काल सक्रियता दिखाई और उन्हें राहत दी है। फिलहाल वे सिम्स में भर्ती हैं।

-डॉ बीपी सिंह, अस्पताल अधीक्षक, सुपर स्पेशलिटी

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

एयू में कल्चरल फेस्ट के दौरान छात्रों में मारपीट, हंगामा

बिलासपुर। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में एनवल कल्चरल फेस्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान यूटीडी के कामर्स डिपार्टमेंट के छात्रों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें एक छात्र के नाक पर चोंट आने से खून बहने लगा था।

इस घटना के चलते कार्यक्रम में हंगामा हो गया और झगड़ा के बाद दोनों पक्ष कोनी थाना जाकर शिकायत की। एनवल कल्चरल फेस्ट अंतर्गत आज सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एलपी पटेरिया व रजिस्ट्रार तारणिश गौतम एवं शारीरिक शिक्षा संचालक डॉ. प्रमोद तिवारी और प्रो. एचएस होता सहित विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक आदि उपस्थित थे। उनके जाने के बाद कार्यक्रम में कामर्स डिपार्टमेंट के ही दो छात्रों के बीच झगड़ा हो गया और माईक छीनने की बात पर झगड़ा मारपीट में तब्दील हो गया। उसके बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें एक छात्र के नाक में चोट लगने से खून भी निकलने लगा था।

मारपीट की घटना के बाद दोनों छात्रगुट कोनी थाना शिकायत करने पहुंचे और वहां भी काफी हो-हल्ला हुआ। इस तरह सांस्कृतिक कार्यक्रम में काफी हंगामा हुआ।

खेल प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ

इस दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस को विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें शतरंज, टेबल टेनिस, कैरम एवं पंजा कुश्ती शामिल थे। इसके अलावा फूड फेस्ट कार्यक्रम भी रखा गया था, जिसमें 15 स्टॉल लगाए गए थे। इसमें यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया था। आज कार्यक्रम का समापन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।